हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 16 जून 2025
राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव



# स्कूलों में बढ़ेगी बच्चों की चहल-पहल

# गर्मी की छुट्टियों के बाद आज खुलेंगे स्कूलों के पट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद कल सोमवार से शासकीय एवं निजी विद्यालय के पट खुलेगा। तेज गर्मी और उमस के बीच कल से स्कूलों में रौनक देखने मिलेगी। अनुमान लगाया जा रहा है कि तेज गर्मी को देखते हुए ग्रीष्मकालीन अवकाश की तिथि आगे बढ़ सकती है किन्तु अब तक इस आशय का सरकारी आदेश नहीं मिला है। शासकीय स्कूलों में कल सोमवार को मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर प्रवेश उत्सव मनाया जायेगा। छात्रों को तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कर स्वागत किया जाएगा। कुछ विद्यालय में जनप्रतिनिधि एवं पालकों को निमंत्रण पत्र भेजा गया है।



### निजी विद्यालयों ने बढ़ाया समय

जानकारी अनुसार गर्मी और उमस को देखते हुए क्षेत्र के कुछ निजी विद्यालय ने पालकों से राय लेकर कक्षा संचालन की तिथि को बढ़ा दिया है। सोमवार से कार्यालय निर्धारित समय तक खुला रहेगा पर छात्रों को कुछ दिन बाद आने को कहा गया है। पालक गर्मी और उमस को देखते हुए बच्चों को स्कूल भेजने में हिचकिचा रहे हैं।

### गणवेश पहुंची

जानकारी अनुसार ज्यादातर स्कूलों को छात्रों के लिए गणवेश पहुंच गई है। पाठ्य पुस्तक नहीं मिली है। इस सप्ताह सभी विद्यालयों में पाठ्य पुस्तक पहुंच जाने की खबर है। स्कूल के पहले दिन साफ सफाई, पेयजल, बैठक व्यवस्था, प्रसाधन आदि को व्यवस्थित किया जाएगा।

### पहले दिन होगा नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत

**गंडई पंडरिया।** नए शिक्षा सत्र की शुरुआत 16 जून से होगी। क्षेत्र के सभी शासकीय और गैर-शासकीय स्कूल खुल जाएंगे। बच्चों के लिए उत्साहवर्धक माहौल बनाने स्कूलों में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अभिभावक और नागरिक मिलकर नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा करवाएंगे और स्वागत करेंगे।गंडई के बस स्टैंड के पास स्थित शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन सुबह 11 बजे किया गया है। इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, अभिभावकों, पत्रकारों आदि को आमंत्रित किया गया है। इस दौरान नवप्रवेशी बच्चों कोस्कूल में प्रवेश दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### हास्पिटल में अब महेन्द्र बने विधायक प्रतिनिधि






**डोंगरगांव।** विधायक दलेश्वर साहू ने विभिन्न संस्थाओं ने अपने प्रतिनिधि की नियुक्ति किया है। उन्होंने जिला पंचायत, जनपद पंचायत, नगर पंचायत, कालेज और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रतिनिधियों के नाम की अनुशंसा करते हुए कलेक्टर को पत्र प्रेषित किया है। विधायक साहू ने जिला पंचायत राजनांदगाँव में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सुयश नाहटा को प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इसी क्रम में जनपद पंचायत डोंगरगांव में पूर्व जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ में पूर्व जनपद अध्यक्ष भावेश सिंह, पूर्व पार्षद नवीन यदु को डां. बीआर अंबेडकर महाविद्यालय, शहर कांग्रेस अध्यख अखिलेश नखत को नगर पंचायत एवं महेंद्र वैष्णव को कालेज से हटाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उपरोक्त प्रतिनिधि संस्थाओं की बैठकों में हिस्सा लेकर विधायक का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### कमला कॉलेज में मनया गया पर्यावरण दिवस

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा की अध्यक्षता में महाविद्यालय परिसर में विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ तथा वृक्षारोपण अंतर्गत पंच अशोक वृक्ष का पौधरोपण किया गया। विचार गोष्ठी का शुभारंभ करते प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा ने कहा कि एक पौधा लगाना, तख्तियां पकड़ना, नारे लगाना, रैली निकालना यह सब निश्चित रूप से पर्यावरण संरक्षण की पहल मात्र है। हमें इस बात के प्रति सचेत होना चाहिए कि हम किस तरह के पर्यावरण का हिस्सा है? प्राध्यापक डॉ. एचके गरचा ने कहा कि भोजन, पानी, आश्रय और अन्य चीजों की हमारी जरूरत हमारे आसपास के पर्यावरण पर निर्भर करती है। पर्यावरण और मनुष्य, पौधों और जंतुओं के जीवन के बीच एक संतुलित, प्राकृतिक चक्र मौजूद होना चाहिए। प्राध्यापक डॉ. निवेदिता ए. लाल ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम है प्लास्टिक प्रदूषण का अंत। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य है हम सभी के द्वारा प्रकृति की रक्षा, प्रदूषण को कम करने और प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने की दशा में सार्थक कदम उठाया जाए। सहायक प्राध्यापक डॉ. केके द्विवेदी ने कहा कि प्लास्टिक का उपयोग कम करना चाहिए। प्राध्यापक डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर डॉ. बृजबाला उइके, एमके मेश्राम, आलोक जोशी, कामिनी आदि मौजूद थे।

# बंसोड़ों की दिक्कतों को जाना हस्तशिल्प बोर्ड अध्यक्ष ने

## पंजीयन कराने और बांस मुहैया कराने का दिया आश्वासन

**गंडई पंडरिया।** प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष एवं हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने गंडई प्रवास पर पहुंची। उन्होंने बंसोड़ समाज के प्रमुखों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

श्रीमती राजपूत, प्रदेश मीडिया प्रभारी आयुषी पांडेय, गिरजा चंद्राकर, कीर्ति वर्मा और देविन कोतले के साथ गंडई रेस्ट हाउस पहुँचीं। यहां मंडल भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर, अनिल अग्रवाल, राजेश मेहता, पार्षद अशोक पटेल, राकेश निषाद, सुमन पाटले, प्रकाश पटेल, यतीश कुंजाम, सावंत कुमार, मनीष सोनी सहित अन्य ने उनका स्वागत किया। श्रीमती राजपूत ने बांस डिपो पहुंचकर बंसोड़ समाज प्रमुखों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। समाज प्रमुखों ने उन्हें बताया कि नियमानुसार उनके परिवार को 1500 बांस मिलने चाहिए, लेकिन उन्हें केवल 400 या अधिकतम 500 नग बांस ही मिलते हैं। अपर्याप्त आपूर्ति के कारण उन्हें पुश्तैनी काम को जारी रखने में दिक्कतें आ रही हैं।इस समस्या पर संज्ञान लेते हुए हस्तशिल्प विकास बोर्ड अध्यक्ष राजपूत ने वन विभाग के एसडीओ अमृत लाल खुटे से जानकारी ली। एसडीओ ने बताया कि बांस का उत्पादन अब पहले जैसी नहीं है। करील के समय भी लोग चोरी-छिपे बांस की खेती को बर्बाद कर देते हैं। शालिनी राजपूत ने वन विभाग के एसडीओ को इस ओर विशेष प्रयास करने और बांस की खेती को बढ़ावा देने कहा।




### बांस से ही जीवनयापन

बंसोड़ समाज के लोगों ने बताया कि गंडई में उनकी संख्या लगभग 3000 है, जिसमें 182 परिवार हैं। सभी सूपा और टोकनी बनाते हैं। अध्यक्ष ने समाज प्रमुखों से पूछा कि क्या उनका सरकार में पंजीयन है? जिस पर समाज प्रमुखों ने बताया कि समाज का तो पंजीयन है, लेकिन उन्होंने व्यक्तिगत पंजीयन नहीं कराया है। अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि हस्तशिल्प बोर्ड दुर्ग के प्रबंधक सीएस केहरि जल्द ही उनका पंजीयन करवा देंगे। उन्हें बांस से नए-नए कलात्मक उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिलवाया जाएगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी। इस दौरान बंसोड़ समाज के पुरुषोत्तम मरकाम, संतोष छेदय्या, छोटेलाल मरकाम, बसंत मुठेल, ललित छेदय्या, गंगाराम मुठेल, मुंशी मरकाम और गणेश मरकाम उपस्थित थे।

# चौपाल में सेहत के प्रति किया जागरूक

- लोगों से जागरूक रहने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

मितानिनो ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने ब्राम्हण पारा के बरगद पेड़ के नीचे चौपाल का आयोजन किया गया।पर्यवेक्षक मीणा देवदास के नेतृत्व में मितानिनो ने ऋतु परिवर्तन को देखते हुए डिहाईड्रेशन से बचने पर्याप्त जल सेवन करने की सलाह वार्डवासियों को दिया।मलेरिया एवं उल्टी दस्त से बचने के उपाय के साथ खानपान में सावधानी बरतने कहा गया। वर्षा ऋतु में सांप व बिच्छू से बचने के लिए भी गाइड किया गया।शिक्षिका शीला सोनी ने मच्छर से बचने के लिए घर मे तुलसी के पौधे लगाने,कपूर और लौंग जलाने की सलाह दी। पेय जल को फिटकिरी से शुद्ध करने प्रेरित किया गया। यह जानकारी लक्ष्मीसिंह राजपूत ने दी।



# पेड़ों की अवैध कटाई पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में वृक्षो की कटाई के मामले में कड़ा रूख दिखाते हुए प्रति पेड 1 लाख के हिसाब से 454 पेड काटने के एवज में 4 करोड 54 लाख का जुर्माना लगाया था। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जवल भुईया की पीठ ने संरक्षित क्षेत्र ने पेड काटने वाले की याचिका निरस्त करते हुए पर्यावरण के साथ खिलवाड़ करने वाले को की माफी का हकदार नहीं बताया था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद भी विकास के नाम पर अवैध कटाई जारी है और अधिकारी कार्रवाई करने से परहेज कर रहे है। उल्लेखनीय है कि डोंगरगढ़ क्षेत्र में पिछले 6 माह से विद्युत विस्तारी करण के लिए 97 फीडर के ठेकेदारों ने बिना राजस्व विभाग और वन विभाग के अधिकारी को जानकारी के सडक किनारे से पुराने पेडों को साथ किसानों की जमीन पर लगे पेडों को काट दिया। कंपनी के ठेकेदार एवं कर्मचारियों ने पेडों को काटने के बाद परिवहन भी करवा लिया।



### न जांच हुई और न कार्रवाई

उक्ताशय की खबर प्रकाशित होने के बाद तत्कालीन ईई दिलीप सोनी ने मामले की जानकारी लेकर कार्यवाही करने की बात कहा था। इसी प्रकार वन विभाग की एसडीओ पूर्णिमा राजपुत एवं परिक्षेत्र अधिकारी पुष्पेन्द्र गोस्वामी ने भी जांच के बाद कार्यवाही करने की बात कही थी। अधिकारियों के दावे के बाद अब तक न जांच हुई और न कार्रवाई। कथित जांच के नाम पर उगाही कर मामले को रफादफा कर दिया गया।

# बैठक में दिया स्कूलों के बेहतर संचालन करने का निर्देश



**डोंगरगढ़।** नए शिक्षा सत्र में बेहतर शाला संचालन के लिए बीईओ वीरेंद्र कौर गरचा की अध्यक्षता में प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों की बैठक का आयोजन किया गया। बीईओ ने बैठक में नए शिक्षा सत्र में उत्कृष्ट परिणाम की प्राप्ति के उद्देश्य से ऐजेण्डावार समीक्षा किया। उन्होंने शाला संचालन, प्रवेश उत्सव, सफाई, आवश्यक निर्माण के प्रस्ताव, स्वीकृत कार्यों को पूर्ण करवाने, यूडाईस विषयक, एक पेड़ माँ के नाम, पुस्तक एवं गणवेश वितरण, त्रिभाषा डिक्शनरी एवं पुस्तकालय हेतु पुस्तकें, अनुदान, युक्तियुक्तकरण अंतर्गत कार्यभार एवं कार्यमुक्ति, अपार आईडी, मध्याह्न भोजन, आय जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, इंस्पायर अवार्ड सहित अन्य की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में विकास खंड स्त्रोत समन्वयक इनायत अली ने बेहतर शाला संचालन एवं शैक्षणिक कैलेंडर के अनुरूप शाला संचालन के संबंध में निर्देश दिए। बैठक में सभी संकुल प्राचार्यों एवं समन्वयकों की उपस्थिति रही।

# आरके नगर में महापौर ने किया वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादनांदगांव

- शहर को हरभरा करने नगर निगम की सार्थक पहल
- जनप्रतिनिधियों ने रोपे पौधे

पर्यावरण संरक्षण एवं शहर में हरियाली को बढ़ावा देने इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा वृक्षारोपण किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ महापौर मधुसूदन यादव ने विश्व पर्यावरण दिवस पर आनंद वाटिका में एक पेड़ मां के नाम लगाकर किया।

इसी कड़ी में रविवार को महापौर के साथ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा समेत राजा माखीजा, संदीप बघेल, सेवक उईके, पंकज कुरंजेकर, रूपचंद भीमनानी, संदीप भट्टाचार्य, प्रो. कैलाश देवांगन, अशोक उमरे, नीलेश जोबनपुत्र, टीकाराम त्यागी, आदित्य पराते, कृष्णा तिवारी, जय वैष्णव के साथ महिलाएं एवं वार्डवासियों ने आरके नगर अमृत उद्यान में कचरार, नीम व कदम के पौधे रोपित किए।



### जिम्मेदारी निभाकर लगाएं पौधे

महापौर यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधे लगाने की नितांत आवश्यक है, क्योंकि आज के इस औद्योगिकीकरण एवं शहरीकरण के युग में वृक्षों की अंधाधुध कटाई हो रही है और कटाई के अनुपात में वृक्ष नहीं लगाए जा रहे हैं। जिससे हमारा जनजीवन प्रभावित हो रहा है। इन बातों को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा पौधरोपण किया जा रहा है और आज अमृत उद्यान में विभिन्न प्रजाति के पौध रोपित किए गए। उन्होंने कहा कि गत वर्ष भी नगर निगम द्वारा शहर में वृहद वृक्षारोपण किया गया था। जिसका शहर में अच्छा प्रतिसाद मिला। नगर निगम आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि इस वर्ष भी नगर निगम द्वारा शहर में स्थल चयन कर वृक्षारोपण किया जा रहा है। गत वर्ष निगम द्वारा किए गए पौधरोपण की देखभाल भी कर रहे हैं। उनमें से अधिकांश पौधे वृक्ष का रूप ले रहे हैं। यह सबके सहयोग से ही संभव है, क्योंकि यदि हर व्यक्ति अपने घर एवं संस्थान के सामने लगे वृक्ष की देखभाल व सुरक्षा करेगा तो हमारा शहर हराभरा हो जाएगा।

### हेलमेट पहन कर वाहन चलाने की अपील

**सड़क अतरिया।** वाहन चालकों को यातायात नियम का पालन कराने विभाग द्वारा लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को छुईखदान- सड़क अतरिया के मध्य यातायात निरीक्षक शक्तिसिंह ने दो पहिया वाहन चालकों को यातायात नियमों का स्वस्फूर्त होकर पालन करने अपील किया। उन्होंने सभी दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाने प्रेरित किया। उन्होंने हेलमेट पहन कर वाहन चलाने के फायदे तथा नुकसान को बताया। मौके पर उपस्थित सभी वाहन चालकों ने हेलमेट पहन कर ही वाहन चलाने का शपथ लिया। वाहन को निर्धारित गति से चलाने, चौक एवं भीड़ भाड़ इलाके में सावधानी पूर्वक वाहन चलाने कहा। बिना लाइसेंस के वाहन नहीं चलाने तथा नाबालिक को वाहन चलाने नहीं देने की हिदायत दिया।



## रक्तदान दिवस पर शिविर का आयोजन

# स्वस्फूर्त 40 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में पैथोलाजिस्ट श्री सोनी एवं टीम तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान के तकनीकी सहायक रमेश चौरे, पुष्पेन्द्र मरावी, नरेन्द्र वर्मा की देख-रेख एवं जिला चिकित्सा अधिकारी डा आशीष शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी डा मनीष बघेल के मार्गदर्शन तथा विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार आदि शामिल हुए। भारतीय रेडक्रास सोसायटी और स्वास्थ्य केंद्र छुईखदान के प्रयास को जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति से संबल मिला और लोग स्वस्फूर्त रक्तदान करने आगे आए। शिविर मे जिला चिकित्सा अधिकारी डा आशीष शर्मा, डा मनीष बघेल, अधिवक्ता हेमंत वैष्णव ने रक्तदान कर लोगों के मन में व्याप्त भ्रांति को दूर किया और देखते ही देखते लगभग चालीस लोग रक्तदान करने सामने आए। रेडक्रास सोसायटी के जिलाध्यक्ष विक्रांत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियो ने समय समय पर उक्त शिविर को आयोजित करने का संकल्प लिया। रक्तदाताओ के लिए फल, जूस, काफी, बिस्कुट आदि की व्यवस्था की गई थी।




### आयोजन की सराहना

विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने कहा कि यह आयोजन पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायी है। रक्त की जरूरत सभी होती है इसलिए जागरूकता के साथ रक्तदान करना चाहिए। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने बताया कि हमारी जवाबदारी है कि जनसुविधा के लिए सामूहिक प्रयास करते रहे। रक्तदान ही सर्वोत्तम दान है। इस मौके पर नेत्र रोग प्रभारी विनय रामटेके को उनके प्रयासो के लिए पुरूस्कृत किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार ने कहा कि रक्त दान करना हमारी जिम्मेदारी होनी चाहिए क्योंकि इसकी आवश्यकता किसी को भी पड़ सकता है। शिविर में श्री सोनी शांति पैथोलॉजिस्ट और ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय राजनांदगांव की टीम, चिकित्सालय छुईखदान की टीम ने अपनी सेवाएं दी। इस मौके पर अधिवक्ता मोतीलाल जंघेल, नीलांबर वर्मा, छोटे राजा देवराज किशोर दास, हेमंत वैष्णव, सज्जाक खान, प्रकाश महोबिया, रामकुमार पटेल, मनीष कोचर, चंद्रेश कुंभकार, प्रेमसिंह पाल, नजारुद्दीन, खम्मन ताम्रकार, नवनीत जैन, शैलेश जैन, ज्ञान यादव, भागवत शरण सिंह, डम्पी, विक्रांत चंद्राकर, हेमंत वर्मा, डॉ समीर रजक, डॉ मुजाहिद हसन, विनय रामटेके, रमेश चंदेल, बृजेश ताम्रकार, श्री पटेल आदि उपस्थित थे। अंत में खंड चिकित्सा अधिकारी डा मनीष बघेल ने आभार व्यक्त किया।

# हवा में उड़ा कलेक्टर का आदेश

## हास्पिटल में जल संकट कायम, नहीं लगा पंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

लोगों की सुविधा के लिए विभिन्न विभागों ने अधिकारी तैनात किए गए है किन्तु इनह अधिकारियों द्वारा जनसुविधा मुहैया कराने में अपेक्षित रूचि नहीं लेने के कारण लोगों को आए दिन बुनियादी दिक्कतों से दो चार होना पड़ रहा है। यह स्थिति कई महीनों से सरकारी हॉस्पिटल में देखी जा रही है। प्रशासनिक लापरवाही के चलते ब्लाक मुख्यालय के हॉस्पिटल में लोगों को पेयजल और निस्तार के लिए परेशान होना पड़ रहा है। कलेक्टर के निर्देश के एक सप्ताह बाद भी बोर में पंप नहीं लगया जा सका है जबकि पंप मालिक निःशुल्क पानी देने तैयार था।

स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निर्माण के बाद से पानी की समस्या बनी हुई है। तीन से चार बोर कराने और करीब 8 लाख खर्च कर पाइप लाइन बिछाने के बाद समस्या का समाधान नहीं हो सका है। हालत यह है कि मरीज और स्टॉफ को पीने और दैनिक क्रिया के लिए पानी नहीं मिल पाता है।

कई बार मरीज के लिए परिजनों को पानी का इंतजाम करना पड़ता है। मरीजों की दिक्क़त को देखते हुए समाजसेवी अमित गाँधी ने निजी जमीन पर स्थित बोर से पानी मुहैया कराने का ऑफर दिया था साथ ही उन्होंने आगे बढ़ कर बोर की सफाई भी करवा दिया था। टेस्टिंग से यह स्पष्ट हुआ कि डेढ़ एचपी का पम्प लगाने से हॉस्पिटल को पर्याप्त पानी मिल सकता है किन्तु लगातार चर्चा के बाद भी पंप नहीं लगाया जा सका है।

### आदेश पर अमल नहीं

गत 6 जून को राजस्व शिविर में शामिल होने पहुंचे कलेक्टर ने बीएमओ पम्प लगवाने के निर्देश दिए थे। उन्होंने दिक्कतो को देखते हुए तुरंत पहल करने कहा था। कलेक्टर के निर्देश के एक सप्ताह बाद भी बोर में पम्प नहीं लगाया जा सका जिससे हास्पिटल की समस्या पूर्ववत बनी हुई है।

### मालिक का मन बदला

हास्पिटल प्रबंधन की अरूचि को देखते हुए पिछले 2-3 सालों से पानी देने तेयार श्री गाँधी का अब मन बदल गया है। उनका कहना है कि लोगों की सुविधा को देखते हुए पानी देना तय किया था किन्तु जब अधिकारी ही नहीं चाहते है कि हॉस्पिटल की समस्या हल हो तो अब उन्होंने पानी नहीं देना तय किया है।

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 16 जून 2025




# भीषण गर्मी के बीच आज से खुलेंगे स्कूल, युक्तियुक्तकरण के बाद सभी स्कूलों में शिक्षक पदस्थ, माहभर चलेगा प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गर्मियों की छुट्टी के बाद आज सोमवार से प्रदेशभर में स्कूल खुलने जा रहे हैं। सरकारी स्कूलों में नए सत्र से पहले शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की गई है। इस प्रक्रिया के बाद अब जिले में कोई भी शिक्षकविहीन स्कूल नहीं रह गई है। वहीं एकल शिक्षकीय स्कूलों में भी अतिरिक्त शिक्षक की व्यवस्था की गई है। आज से खुलने जा रहे स्कूलों में अगले एक महीने तक प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा। प्रवेश उत्सव को लेकर दिशा-निर्देश भी प्रदेश स्तर से जारी किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि एक मई से शुरू हुई गर्मियों की छुट्टी 15 जून को समाप्त हो गई है। जिसके बाद आज से नए सत्र की पढ़ाई शुरू की जाएगी। हालांकि मानसून के सक्रिय नहीं होने से शुरूआती कुछ दिन बच्चों को 40 डिग्री के करीब तापमान में स्कूल जाने मजबूर होना होगा। इधर शाला खुलने से पहले रविवार को सभी स्कूलों में तैयारियां की गई।

### अब शिक्षकविहीन स्कूल नहीं

जिले में 6 प्राथमिक शालाएं शिक्षकविहीन थी, लेकिन अब सभी शालाओं में युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षकों की नियुक्ति कर दी गई है। वहीं 93 प्राथमिक शालाएं एकल शिक्षकीय शाला थी। जबकि अब 1 स्कूल एकल शिक्षकीय है। इसी तरह पहले 9 पूर्व माध्यमिक शाला एकल शिक्षकीय थी। जबकि वर्तमान में सिर्फ 1 स्कूल एकल शिक्षकीय है। ऐसे स्कूलों के समायोजन से जिनमें छात्रों की संख्या कम है, वहां युक्तियुक्तकरण से विद्यार्थियों को फायदा होगा।

## सभी स्कूलों में नए सत्र को लेकर तैयारियां पूरी, आज से शुरूआत




**कई निजी स्कूल कल से खुलेंगी:** इधर आज व्यापम की परीक्षा होने एवं गर्मी को देखते हुए शहर सहित जिले की कुछ निजी स्कूल आज की बजाए आने वाले दिनों से खुलेंगी। रॉयल किड्स स्कूल जहां 25 से अपना नया सत्र शुरू करेगी। वहीं युगांतर कल 17 से पढ़ाई शुरू करेगी। नीरज स्कूल ने भी एक हफ्ते बाद स्कूल का संचालन करने का निर्णय लिया है।

### 408 अतिशेष शिक्षक

काउंसलिंग प्रक्रिया को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने बताया कि राज्य शासन से जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। काउंसलिंग में भाग नहीं लेने वाले शिक्षकों को शेष रिक्त पदों पर पदस्थापना दी जाएगी। उन्होंने बताया कि प्राथमिक शाला में 248 शिक्षक, 5 प्रधान पाठक और मिडिल स्कूल में 88, हाई, हायर सेकंडरी स्कूल में 90 के करीब अतिशेष शिक्षक हैं। वहीं कुल 408 शिक्षक हैं, जिन्हें काउंसलिंग के माध्यम से पदस्थापना दी जा रही है।

# 531 स्कूलों में मरम्मत के लिए 18.53 करोड़ मांगे, फंड मिलने तक इसी स्थिति में होगी पढ़ाई

**राजनांदगांव।** आज से शिक्षा का नया सत्र शुरू होने जा रहा है। जिले की दो हजार से अधिक सरकारी स्कूलों में बच्चे पढ़ाई करने पहुंचेंगे। इन दो हजार स्कूलों में पांच सौ से अधिक स्कूलें ऐसी हैं, जिन्हें मरम्मत की जरूरत है। जिले में नए सत्र से पहले बीमार स्कूलों की पड़ताल की गई। शिक्षा विभाग की पड़ताल में ही जिले की करीबन सवा पांच सौ स्कूल ऐसी मिली है, जहां सुधार की जरूरत है। विभाग ने स्कूलवार सुधार कार्य की जानकारी के साथ ही संभावित लागत को लेकर एक पत्र भी प्रदेश स्तर पर भेजा है। इन सवा पांच सौ स्कूलों की स्थिति सुधारने के लिए साढ़े 18 करोड़ रुपए लगेंगे। हालांकि फंड मिलने तक इसी हालत में पढ़ाई करने की मजबूरी रहेगी। जिले में मरम्मत योग्य स्कूलों की संख्या छुरिया ब्लॉक में सर्वाधिक देखने को मिली है। छुरिया के भीतरी इलाकों में स्थित स्कूलों में भवन मरम्मत के साथ ही शौचायल में सुधार के ढ़ेरों काम किए जाने हैं। विभाग द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय को पत्र दिया गया है।



### छुरिया में तीन सौ स्कूल

जिले में जर्जर स्कूलों की श्रेणी में सर्वाधिक स्कूलें छुरिया ब्लॉक से शामिल है। मिली जानकारी के अनुसार जिले की 551 में से छुरिया की ही तीन सौ स्कूलों में मरम्मत की जरूरत है। डोंगरगांव ब्लॉक की 79 स्कूल, डोंगरगढ़ की 150 और राजनांदगांव ब्लॉक की महज 22 स्कूलों में मरम्मत के लिए फंड मांगा गया है।

### छत, किचन सहित शौचालय के काम

जिले की सरकारी स्कूलों में मरम्मत कार्यों में अधिकांश स्कूलों में भवन जीर्णोद्धार, किचन शेड एवं छत की मरम्मत, शौचालय एवं भवन निर्माण, अतिरिक्त कक्ष निर्माण के साथ ही फर्श मरम्मत जैसे काम शामिल है। स्कूलों के हिसाब से फंड मिलने के बाद इन कामों को कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### चाकू लेकर डराने वाला आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगों को परेशान करने के मामले की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि एक अज्ञात व्यक्ति डोंगरगांव मार्ग श्री टाईल्स हार्डवेयर के सामने अपने पास एक धारदार बटनदार चाकू लेकर घूम रहा है तथा लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर उक्त व्यक्ति को घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिसे नाम-पता पूछने पर अपना नाम चंदन ठाकुर 22 साल निवासी महामाया चौक शिकारीपारा बसंतपुर का रहने वाला बताया।

चंदन ठाकुर की तलाशी लेने पर उसके पास से एक बटनदार धारदार चाकू बरामद किया। उक्त चाकू रखने के संबंध में आरोपी द्वारा कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। आरोपी का कृत्य अपराध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का घटित करना पाए जाने से बटनदार धारदार चाकू को जब्त किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## फरार आरोपियों की दो राज्यों में तलाश, खनिज अधिकारी चंद्राकर भी निलंबित

# मोहड़ रेत कांड में माइनिंग अफसर पर गिरी गाज, ग्वालियर का शूटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहड़ वार्ड में रेत के अवैध उत्खनन का विरोध करने पर वार्डवासियों पर फायरिंग करने वाले एक शूटर को बसंतपुर पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। मूलतः ग्वालियर का रहने वाला यह आरोपी किसके कहने पर यहां आया था, इसकी भी पड़ताल तेज हो गई है। इधर रेत के अवैध उत्खनन के मामले में राज्य शासन ने आज एक बड़ी कार्रवाई करते खनिज अधिकारी प्रवीण चंद्राकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले बुधवार को मोहड़ वार्ड में रेत का अवैध उत्खनन का विरोध करने पर करीब आधा दर्जन से ज्यादा शूटरों ने वार्डवासियों पर फायरिंग की थी। इस फायरिंग से दो लोग घायल हो गए हैं। इस मामले में पुलिस ने वार्ड के भाजपा पार्षद संजय रजक, जेसीबी आपरेटर भगवती निषाद तथा जेसीबी के मालिक अभिनव तिवारी उर्फ चीनू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शूटरों की गिरफ्तारी के लिए आधा दर्जन टीमें मध्यप्रदेश सहित कुछ राज्यों के लिए रवाना की थी। जिसमें पुलिस को आज एक शूटर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल हुई है।

## मामले में शामिल बाकी शूटर तक पहुंचने टीम कर रही खोजबीन

पुलिस के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट 11 जून को रात्रि 7 से साढे 7 बजे के बीच ग्राम मोहड नदी में अवैध तरीके से रेत निकालने के लिए रैम्प निर्माण के लिए जेसीबी चालक पहुंचा था, जिसे रोकने लिए कुछ ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे, जहां कार में 7-8 लोग उतरकर ग्रामीणों से मारपीट करते हुए फायरिंग किए हैं। रिपोर्ट पर थाना में धारा 109(2), 191(2), 191(3), 190, 296, 115(2), 351(2) बीएनएस 25, 27 आर्मस एक्ट एवं मायनिंग एक्ट की धारा 21 कायम कर विवेचना में लिया गया है। अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी हेतु पुलिस टीम गठित किया गया है। गठित टीम द्वारा




प्रकरण के घटना में संलिप्त आरोपी अतुल सिंह तोमर पिता अमूल सिंह तोमर 24 साल निवासी गायत्री विहार कॉलोनी पिंटो पार्क मुरार ग्वालियर जिला ग्वालियर (मप्र) को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर घटना में शामिल रहकर गोली चलाकर अपराध करना स्वीकार किया, जिसे 15 जून को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने उपरांत आरोपी को जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। मामले से संबंधित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग पुलिस टीम गठित कर सरगर्मी से पता तलाश किया जा रहा है।

### अभाविप नेता की भी पतासाजी

मोहड़ में रेत के अवैध उत्खनन और गोलीकांड में अब अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के एक नेता का भी नाम सामने आ रहा है। ग्वालियर से यहां संगठन का दायित्व संभालने के लिए आए इस नेता ने ही अभिनव तिवारी से जेसीबी और हाइवा लिया था। शनिवार को अभिनव द्वारा जारी किए गए एक आडियो के वीडियो में इसका खुलासा भी हुआ है। यही कारण है कि पुलिस ने अभाविप नेता की भी पतासाजी तेज कर दी है। ऐसी चर्चा है कि इस कांड के होते ही वह यहां से फरार हो गया था।

### सेटिंग कर छोड़ दिया ट्रैक्टर

मोहड़ में गोली चलने की घटना के बाद खनिज माफिया पर शिकंजा कसने प्रशासन एक्शन मोड पर आ गया है, किन्तु कुछ अधिकारी अभी अपनी बेजा हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। पता चला है कि शनिवार को डोंगरगांव पुलिस ने रेत से लदे कुछ वाहनों को रोका था, किन्तु मौके पर सेटिंग कर छोड़ दिया गया। जानकारी के अनुसार पुलिस ने 4 ट्रैक्टर को थाना भी लाया था। बताया जाता है कि इस कार्रवाई के बाद खनिज माफिया थाना पहुंच गया था और फिर लंबी चर्चा के बाद दो ट्रैक्टर को खाली बताकर छोड़ दिया गया तो दो ट्रैक्टर की रेत को थाना परिसर में डंप कराने के बाद जाने दिया गया।

### सीएम के निर्देश पर खनिज अफसर निलंबित

राजनांदगांव जिले में खनिज रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन की लगातार शिकायतें सामने आने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने गहरी नाराजगी जाहिर की है। इस बीच राज्य के खनिज साधन विभाग मंत्रालय ने इस मामले में जिले के खनिज अधिकारी प्रवीण चंद्राकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इस कार्रवाई से प्रशासनिक अमले में खलबली मची है। विभाग के अवर सचिव एम. चंद्रशेखर द्वारा जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि खनिज अधिकारी श्री चंद्राकर की निलंबन अविध में उनका मुख्यालय संचालनालय, भौमिकी तथा खनिकर्म रायपुर रहेगा।

## विस अध्यक्ष रमन बोले

# गुंडागर्दी, गोलीकांड में होगी कठोरतम कार्रवाई



**राजनांदगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मोहड में अवैध रेत उत्खनन व हुए गुंडागर्दी, गोलीकांड का मामला गंभीर एवं चिंताजनक है। इस मामले में कठोरतम कार्रवाई होगी, रिजल्ट जल्द आएगा। उन्होंने इस पूरे प्रकरण में सेकेट्ररी माईनिंग व मुख्यमंत्री से बात की है।विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज शहर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने शहर प्रवास पर थे। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते कहा कि मोहड में अवैध रूप से रेत उत्खनन, गुंडागर्दी व गोलीकांड जैसी घटना गंभीर व चिंताजनक है। इस मामले में कठोरतम कार्रवाई होगी। उन्होंने इस मामले में प्रदेश के माईनिंग सेकेट्ररी व मुख्यमंत्री से भी बात की है। जिसका रिजल्ट शीघ्र आएगा।

### सीएसपी नहीं अब एएसपी को रेतकांड में जांच का जिम्मा

मोहड़ कांड के आरोपी अभिनव तिवारी उर्फ चीनू और सोमनी के थानेदार सत्यनारायण देवांगन के बीच हुई बातचीत के सोशल मीडिया में वायरल होते ही पुलिस महकमे में खलबली मची हुई है। एसपी मोहित गर्ग ने टीआई सत्यनारायण देवांगन को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते जांच के आदेश भी जारी कर दिए हैं। इस मामले की जांच पहले सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक को सौंपी गई थी, लेकिन मामले में काफी गंभीर होने के चलते एसपी श्री गर्ग ने आज इस पूरे मामले की जांच के लिए एएएसपी मुकेश ठाकुर को जिम्मा सौंपा है।

# गर्लफ्रेण्ड से बात करने पर नारियल काटने वाले धारदार हथियार से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




मेरे गर्लफ्रेण्ड से बात करता है कहकर नारियल काटने के धारदार लोहे के औजार से आरोपी ने प्रार्थी पर हमला कर दिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 14 जून को रात्रि करीबन साढे 12 बजे के आसपास आरोपी सागर पटेल उर्फ तोरण पटेल निवासी ठेठवारपारा डोंगरगढ़ द्वारा ठेठवारपारा डोंगरगढ़ शिव मंदिर के पास पीड़ित रजनेश कंडरा निवासी कंडरापारा डोंगरगढ़ को तू मेरे गर्लफ्रेण्ड से बात करता है कहकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर एक लोहे के नारियल काटने के धारदार बड़ा चाकू से वार कर चोंट पहुंचा दिया, जिसे ईलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा- 296, 351(2), 118(1) बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### भेजा जेल

पुलिस के अनुसार इस घटना के बाद से फरार आरोपी सागर पटेल उर्फ तोरण पटेल पिता दिलीप पटेल 19 साल निवासी ठेठवारपारा का पता तलाश कर हिरासत में लेकर आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक लोहे के नारियल काटने के धारदार बड़ा चाकू को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है।

# अस्पताल में भर्ती बुजुर्ग मौत के बाद निकला कोरोना पॉजिटिव, प्रोटोकॉल से अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



प्रदेशभर में बढ़ते कोरोना के मामलों के बीच राजनांदगांव शहर के एक बुजुर्ग की रिपोर्ट भी पॉजिटिव प्राप्त हुई है। रायपुर के एमएमआई अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती 80 वर्षीय बुजुर्ग का मृत्यु पश्चात कोविड टेस्ट किया गया था। जिसमें वह कोरोना संक्रमित पाए गए। जिसके चलते उनका अंतिम संस्कार कोविड प्रोटोकॉल के तहत शहर के कन्हारपुरी में किया गया। मिली जानकारी के अनुसार श्वांस की समस्या को लेकर 80 वर्षीय बुजुर्ग सोनराज गोलछा रायपुर स्थित नारायणा एमएमआई अस्पताल में भर्ती थे। जिनकी 14 जून को मृत्यु हो गई। एहतियातन तौर पर उनका कोविड टेस्ट किया गया था। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम की निगरानी में उनका अंतिम संस्कार कोविड प्रोटोकॉल के तहत कन्हारपुरी में किया गया।

### परिजनों का लिया जाएगा सैंपल

सीएमएचओ डॉ. नवरत्न ने बताया कि मृतक कोरोना पॉजिटिव था। जिसकी वजह से अब उनके परिजनों का भी कोरोना टेस्ट किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज आरटी-पीसीआर कीट के जरिए सभी संदिग्ध लोगों का सैंपल लेकर जांच होगी। ज्ञात हो कि पिछले एक महीने में इससे पहले दो लोगों के सैंपल की जांच की गई थी, जो निगेटिव प्राप्त हुए थे।

## विस अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर बताई स्थिति, सख्त एक्शन की मांग

# चार पंचायतों ने कहा: जलाशय से नहीं लेने देंगे पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम पंचायत फुलझर में नवनिर्मित न्यू लूक बाये फ्यूलस प्राईवेट लिमिटेड को इंदावानी एवं कोपेडीह जलाशय से पानी लेने पर अनुमति प्रदान नहीं करने की मांग को लेकर ग्रामीण विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है।

ग्रामीणों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम इंदावानी एवं टेडेसरा के किसानों के जमीन अधिग्रहण कर 1976 में इंदावानी एवं कोपेडीह जलाशय का निर्माण किया गया है।



### सोशल मीडिया में वायरल लेनदेन

इस मामले में पिछले दो दिनो से सोशल मीडिया में एक आडियो भी जमकर वायरल हो रहा है। जिसमें कंपनी प्रबंधन और एक पंचायत प्रतिनिध के बीच बातचीत हो रही है। इस बातचीत में भाजपा और कांग्रेस के ग्रामीण नेताओं द्वारा लेनदेन किए जाने की बातें सामने आ रही हे।

### पानी की समस्या पर जमीन अधिग्रहण करने दिया

उक्त जलाशय से टेडेसरा, देवादा, धीरी, बिरेझर के किसानों को अनुबंध के आधार पर जल प्रदाय किया जाता है। किसानों द्वारा अनुबंध जलकर की राशि समय पर भुगतान किया जाता है। उक्त जलाशय का अधिकार किसानों का है। ज्ञापन में आगे कहा गया है कि चूंकि टेडेसरा के किसानों ने पानी के समस्या को देखते हुए अपने जमीन का अधिग्रहण कर दिया था।

### जलाशय से पानी देने रोक लगाए

उक्त जलाशय से न्यू लुक बाये फ्यूलस प्राईवेट लिमिटेड फुलझर को पानी दिया जाता है तो ग्रामवासी टेडेसरा, देवादा, धीरी, बिरेझर, कोपेडीह तथा अंजोरा एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा जन आंदोलन करेंगे। जिसकी सम्पूर्ण जवाबदारी जिला प्रशासन की होगी। ज्ञापन में मांग की गई है कि नवनिर्मित न्यू लुक बाये फ्यूलस प्राईवेट लिमिटेड ग्राम फुलझर को इंदावानी एवं कोपेडीह जलाशय से पानी देने पर रोक लगाया जाए। इस मौके पर बड़ी संख्या में उक्त ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

# कांग्रेस की जांच टीम ने कहा: रेत कांड में भाजपा नेताओं की संलिप्तता

## जांच कमेटी ने देखा नदी पर रैम्प, घायलों का लिया बयान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोहड़ वार्ड में अवैध रेत उत्खनन और गोलीकांड के मामले में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जांच टीम बनाई गई है। यह जांच टीम आज मोहड़ वार्ड पहुंची और शिवनाथ नदी में पहुंचकर रेत तस्करों द्वारा बनाए गए रैम्प का अवलोकन किया। वहीं वार्ड के जिस खेल मैदान में गोली चली, वहां का मौका मुआयना करने के बाद उन्होंने गांव के सामुदायिक भवन में बैठकर हताहत लोगों का बयान लिया। कांग्रेस जांच कमेटी के सामने गांव के लोगों ने कहा कि इस मामले में वह कल आईजी कार्यालय पहुंचकर सख्त कार्रवाई के लिए ज्ञापन देंगे और जरूरत पड़ी तो फिर नेशनल हाईवे पर चक्काजाम भी किया जाएगा।विधायक दलेश्वर साहू के नेतृत्व में बनी इस जांच कमेटी में विधायक इंद्रशाह मंडावी, विधायक भोलाराम साहू, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा शामिल हैं। कांग्रेस की यह जांच कमेटी ने मौके पर पहुंचकर वस्तुस्थिति को जानने का प्रयास किया।

मामले की जांच प्रतिवेदन के लिए पहुंचे विधायक दलेश्वर साहू ने बताया कि यह क्षेत्र विधानसभा अध्यक्ष और गृहमंत्री के प्रभार का क्षेत्र है। यहां गोली चलना छोटी बात नहीं है। उन्होंने कहा कि पुलिस से लेकर खनिज, राजस्व, कलेक्टर, प्रदेश के भाजपा नेताओं, प्रभारी मंत्री को विश्वास में लिए बिना इतनी बड़ी रेत उत्खनन का कार्य नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि इसमें भाजपा नेताओं की संलिप्तता है, जिस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि घायलों को बयान बदलाने का प्रयास भी किया गया है। विधायक दलेश्वर साहू ने कहा कि इस मामले में कांग्रेस न्यायिक जांच की मांग करती है। उन्होंने जांच की मांग करते हुए कहा कि रैम्प बनाने में 10-12 दिन लगे होंगे, शासन-प्रशासन सोया हुआ था। बाहर से गुंडे बुलाकर लोगों पर गोलियां चलाई जा रही है। उन्होंने घायलों को मुआवजा राशि देने की मांग की है।



### दो जगह बना रैम्प

शिवनाथ नदी में रेत उत्खनन के लिए तस्करों द्वारा दो जगह रैम्प बनाए जाने की जानकारी वार्ड के लोगों ने कांग्रेस की जांच कमेटी को दी है। वहीं वारदात के दौरन मौके पर उपस्थित जितेंद्र साहू ने कांग्रेस जांच टीम को बताया कि उसने पार्षद को पीछे वाली तरफ से निकाल कर भागते हुए देखा था।

**हवाई फायरिंग का जिक्र** : वारदात वाले दिन जिस रोशन मांडवी के कनपटी पर गोली लगने की बात कही जा रही थी, उसने आज कांग्रेस की जांच कमेटी के सामने बताया कि कार सवार रेत तस्करों ने हवाई फायरिंग की थी। उसे डंडे से मारा गया, उसके कान में चोट किस चीज से लगी उसे पता नहीं है। वहीं घायल हुए जितेंद्र साहू ने बताया कि उसके सिर को गोली छूते हुई निकल गई। उसने कहा कि वह गोली चलने से ही घायल हुआ है, लेकिन थाना में कहा गया कि उसके सिर में चोट डंडे की मार से लगी है।

## सार समाचार

### मुस्लिम समाज को कलेक्टर ने किया सम्मानित

**राजनांदगांव**। 14 जून विश्व रक्तदाता दिवस पर मेडिकल कॉलेज पेंड्री के आडिटोरियम में रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता संस्थाओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें रक्तदान के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली रक्तदाता संस्था का सम्मान अवसर पर मुस्लिम युवा रक्तदाता समूह को भी लोगों की जीवन बचाने और जरूरतमंद मरीज को रक्त उपलब्ध करवाने में रक्तदान शिविर कर लोगों को जागरूक करने में भूमिका निभाने पर मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के कर कमलों से मुस्लिम समाज के प्रमुख हाजी रईस अहमद शकील को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि डॉ. हरजीत भाटिया, गुरुमुख दास वाधवा, मेडिकल कालेज के डीन डॉ. पंकज मधुकर लुका, डॉ. अतुल मनोहर राव, डॉ. प्रतिमा कुजूर, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. सीएस सिसोदिया, डॉ. रिंकू सिंह, अब्दुल रसीद साहब, मोहम्मद फारुख साहब, इब्राहीम खान, जाहिद अली, फारुख खान, यूनुस अजनबी एवं मेडिकल कॉलेज विभाग के लैब टेक्नीशियन उपस्थित हुए। उक्त जानकारी मुस्लिम समाज के मीडिया प्रभारी सैय्यद अफजल अली ने दी।



### 113 रक्तदान शिविर आयोजित करने छात्र युवा मंच सम्मानित

**राजनांदगांव**। 14 जून विश्व रक्तदाता दिवस पर रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब द्वारा भिलाई नगर कर्मा माता भवन में प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष सूरज साहू के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस सम्मान समारोह में प्रदेशभर से 46 रक्तदाता संगठन व रक्तवीर उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अमित साहू ने छात्र युवा मंच की मेहनत, समर्पण और युवाओं की प्रेरणादायक भागीदारी की सराहना करते कहा कि 113 बार रक्तदान शिविर आयोजित करना बहुत ही साहस का कार्य है और सराहनीय कार्य भी हैं। समाज सेवा का यह कार्य युवाओं के लिए एक मिसाल है। रक्तदान जैसे पवित्र कार्य के लिए इतने बड़े स्तर पर युवाओं को जोड़ना न केवल संगठनात्मक क्षमता को दर्शाता है, बल्कि सेवा भावना की पराकाष्ठा भी है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के चलते संगठन को उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र युवा मंच के मार्गदर्शक फनेन्द्र जैन, प्रदेश प्रमुख माधवराम साहू, प्रदेश अध्यक्ष लोकेश बारापात्रे, प्रदेश कोषाध्यक्ष भागवत वर्मा, तकनीकी प्रमुख प्रवीण मारकण्डे एवं अन्य सक्रिय पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।



### श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्वाति का सम्मान

**राजनांदगांव**। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में अखिल भारतीय नृत्य एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन गत दिनों किया गया। कत्थक रॉकर्स द्वारा तरांगण मंच के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में इंडियन नेशनल डांस म्यूजिक, इंस्ट्रूमेंट, फाइन आर्ट, शास्त्रीय गायन, सेमी क्लासिकल, आदि कंपटीशन एवं फेस्टिवल (प्रस्तुति) का शानदार आयोजन 30 मई से 2 जून तक दार्जिलिंग के गोरखारंगमंच भानु भवन में किया गया था। इस प्रतियोगिता में आद्या डांस एकेडमी के छात्रों ने अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत की और इस पूरी प्रतियोगिता में अपना वर्चस्व कायम किया। कथक एकल नृत्य, युगल एवं ग्रुप डांस प्रतियोगिताओं में सभी वर्गों में अपनी शानदार प्रस्तुति देकर पश्चिम बंगाल में छत्तीसगढ़ व राजनांदगांव का नाम ऊंचा किया। एकल कत्थक नृत्य में सब जूनियर कैटेगरी में आन्या राजपूत ने द्वितीय, शरण्या श्रीवास्तव को द्वितीय, जूनियर वर्ग कत्थक नृत्य एकल में शताक्षी श्रीवास्तव को द्वितीय, आशी व्यास को द्वितीय, वंशिका गौतम को द्वितीय व तनिष्का पंजवानी को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। सीनियर कत्थक एकल नृत्य कैटेगरी में अंशिका त्रिपाठी को प्रथम, अंशिका राजपूत को प्रथम, प्रकृति सिंह कोर्राम को द्वितीय, हंशिका गौतम को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। आद्या मानकर को प्रथम स्थान के साथ ही दिवस का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का अवार्ड भी प्रदान किया गया। यूथ वर्ग में तनुश्री केहरी को प्रथम स्थान के साथ ही दिवस का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का अवार्ड प्राप्त हुआ। युगल कत्थक नृत्य वर्ग में कविता कोर्राम तथा गरिमा श्रीवास्तव को द्वितीय स्थान शानदार प्रस्तुति के लिए प्रदान किया गया। इसके साथ ही कत्थक समूह नृत्य में आद्या डांस एकेडमी के प्रशिक्षुओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।



### प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान

**राजनांदगांव**। तहसील साहू संघ छुरिया द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु कक्षा दसवीं के चांदनी साहू, हेमलता साहू, खुशबू साहू, तिलोका साहू एवं अन्य को प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।



### माता-पिता के नाम पौधारोपण

**राजनांदगांव**। पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी की जयंती के उपलक्ष्य में रविवार को शीतला मंदिर पुजारी परिवार जनहित मंच द्वारा माता देवाला बूढ़ासागर में माता एवं पिता के नाम कदम एवं नारियल का पौधरोपण किया गया, जिसे ट्री गार्ड से सुरक्षित भी किया गया। उक्त कार्यक्रम में पुजारी परिवार राजदुबे, जनहित मंच के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला देबु, लोक कलाकार सुनील बंसोड़, दीपक श्रीवास्तव, धन्नू सोनी, दिलीप सिंह, राजकुमार धीवर, यशवंत सोनी, मोहन निषाद, मनीष सोनी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उक्त जानकारी नागेश श्रीवास्तव ने दी।



### रैली निकालने से पानी की पूर्ति संभव नहीं : शास्त्री

**राजनांदगांव**। राजनांदगांव में जल संकट के बीच प्रशासन द्वारा पानी बचाओ महाभियान के तहत रैली निकाली गई। जिसकी अगुवाई विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से कराई गई। उक्त कार्यक्रम में भाजपा पार्टी के कई नेता शामिल हुए। जिसको लेकर पूर्व पार्षद एवं युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष ऋषि शास्त्री ने बयान जारी करते कहा कि भाजपा आम जनता के धैर्य की परीक्षा लेकर उक्त रैली को राजनीतिक रूप देने का प्रयास कर रही है। शासन-प्रशासन द्वारा जल संरक्षण को लेकर के जनजागरूकता अभियान के तहत लाखों रुपए सालाना खर्च करते आई है। जबकि शासन-प्रशासन को जल संकट दूर करने के लिए पूर्व नियोजित तरीके से प्रबंधन में सुधार लाने की आवश्यकता है। आज राजनंदगांव में मोहरा एनीकट छोड़ अन्य स्थान नहीं है, जहां पानी का संग्रहण किया जा सके। इस तरह रैली निकालने से पानी की पूर्ति संभव नहीं है।

## नीर नारी अभियान के तहत आयोजन

# जल जागरूकता के लिए निकली यात्रा, सैकड़ों महिलाएं हुई शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

तेजी से गिरते जल स्तर को बचाने और पर्यावरण के साथ जल संरक्षण का संदेश देने के लिए पद्मश्री फुलबासनबाई यादव के नेतृत्व में नीर नारी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस जागरूकता अभियान के प्रथम चरण के समापन अवसर पर आज शहर में जल बचाने जागरूकता रैली निकाली गई।

इस आयोजन में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव सहित सैकड़ों महिलाएं और प्रशानिक अधिकारी शामिल हुए।

महिला समूह, जिला पंचायत, नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में नीर नारी जल यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में पद्मश्री फुलबासन यादव के साथ महापौर मधुसुदन, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह भी शामिल हुई। कार्यक्रम में सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, कोमल सिंह राजपूत, सौरभ कोठारी सहित विभिन्न समाजसेवी और जनप्रतिनिधि शामिल हुए।



### पेट्रोल से महंगा होगा पानी

पद्मश्री फुलबासन यादव ने बताया कि पानी बचाओ अभियान के तहत जिले में जल यात्रा गांव-गांव की गलियों में निकाली गई और नागरिकों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के संबंध में जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि पानी का संरक्षण एवं संवर्धन नहीं करने से आने वाले समय में पेट्रोल से भी महंगा पानी हो सकता है। उन्होंने कहा कि शहर में भी पानी का काफी दुरूपयोग होता है, जल बचाने का संदेश देने के लिए यहां जागरूकता रैली निकाली गई है।

### दस हजार से अधिक होगा पौधारोपण

महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि जल बचाने के लिए जिलेभर में पानी बचाओ महाअभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सभी पानी के महत्व को समझते हैं कि पानी का उत्पादन नहीं किया जा सकता है, इसलिए पानी का संरक्षण बहुत जरूरी है। इस वर्ष शहर में 10 हजार से अधिक पौधेरोपण किए जाएंगे। जिससे शहर को हराभरा बनाया जाएगा। उन्होंने शहर के सभी घरों में वाटर रिचार्ज सिस्टम बनाने की बात कही। जिससे भू-जल का संचय किया जा सके।

### बताया गया जल का महत्व

जल संरक्षण के अभियान के तहत गांधी सभागृह में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित जनप्रतिनिधियों और महिलाओं में जल के महत्व को बताया व उपस्थित विभिन्न अतिथियों ने सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर पद्मश्री फुलबासन यादव को अभियान में भागीदारी के लिए शाल-श्रीफल देकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### आयोजन की सराहना

इस अभियान में शामिल होने पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि विगत तीन माह से ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के लिए नीर और नारी जल यात्रा का सघन अभियान पद्मश्री फुलबासन यादव द्वारा चलाया जा रहा था। जिसका आज समापन है। उन्होंने कहा कि भू - जल स्तर काफी तेजी से नीचे जा रहा है, जो बड़ी चुनौती है। पानी 400 फीट तक पहुंच गया है। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि सोख्ता गड्ढा खोदकर, वृक्षारोपण कर पानी को जमीन के नीचे ले जाया जा सकता है। जिसके लिए आयोजित इस जागरूकता का असर लोगों पर पड़ेगा ।

### आने वाली पीढ़ियों के लिए अभियान बनेगा वरदान

आयोजन में शामिल हुए सांसद संतोष पांडे ने जिले में लगातार जल स्तर नीचे जाने पर चिन्ता व्यक्ति करते कहा कि जल संरक्षण का यह अभियान आने वाली पीढ़ियों के लिए ही नहीं, बल्कि सभी जीव-जन्तु के लिए उपयोगी है। उन्होंने कहा कि जल के संरक्षण के साथ ही पौधरोपण भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरोवरों को सम्मान देने के लिए अमृत सरोवर शुरू की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार जल भराव, जल संचयन, सरोवरों की सौंदर्यीकरण के लिए कार्य कर रही है।

### कलश लेकर चल रही थी महिलाएं

जल संरक्षण के लिए आयोजित की गई इस यात्रा में सैकड़ों की संख्या में शामिल हुई महिलाएं कलश और जल जागरूकता का स्लोगन लिखी तख्ती हाथ में लेकर चल रही थी । यह जल यात्रा गायत्री मंदिर परिसर से निकलकर भारत माता चौक, आजाद चौक, महाकाल चौक, जयस्तंभ चौक होते हुए गांधी सभागृह पहुंचकर संपन्न हुई ।

## गेहूं के लिए स्टॉक का निर्धारण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार द्वारा गेहूं के लिए स्टॉक का निर्धारण किया गया है। गेहूं के लिए स्टॉक सीमा 31 मार्च 2026 की अवधि के लिए होगी। स्टॉक निर्धारण अनुसार व्यापारी व थोक विक्रेता 3000 मीट्रिक टन, रिटेलर प्रत्येक रिटेल आउटलेट के लिए 10 मीट्रिक टन, बिग चेन रिटेलर प्रत्येक आउटलेट के लिए 10 मीट्रिक टन बशर्ते अधिकतम मात्रा (कुल दुकानों की संख्या का 10 गुणा) मीट्रिक टन।

यह अधिकतम स्टॉक होगा, जो उनके सभी रिटेल आउटलेट और डिपो पर एक साथ रखा जा सकता है। प्रोसेसर्स मासिक स्थापित क्षमता के 70 प्रतिशत मात्रा को 2025-26 के शेष महीनों से गुणा के बराबर है। भारत सरकार के पोर्टल पर स्टॉक सीमा के लिए संबंधित विधिक इकाइयां स्टॉक की घोषणा करेगी और यदि उनके पास स्टॉक निर्धारित सीमा से अधिक है, तो वह इस अधिसूचना के जारी के जारी होने के 15 दिनों के भीतर निर्धारित सीमा में करेगी। समय-सीमा के बाद संबंधित स्थानों का नियमित निरीक्षण किए जाने हेतु समस्त जिलों के कलेक्टरों को आदेशित किया गया है। संबंधित संस्थानों का नियमित निरीक्षण राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा किए जाने तथा अनियमितता अथवा निर्धारित लिमिट से अधिक गेहूं का भंडारण पाए जाने पर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

## जिले में मत्स्याखेट आज से प्रतिबंधित

**खैरागढ़**। मछलियों के प्रजनन काल व संरक्षण को ध्यान में रखते हुए वर्षा ऋतु में 16 जून से 15 अगस्त तक सभी प्रकार के मत्स्याखेट को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। सहायक संचालक मछली पालन ने बताया कि वर्षा काल में मछलियों की वंश वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने राज्य में छग नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 उपधारा-2 (दो) के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को क्लोज सीजन के रूप में घोषित किया गया हैं।

इस स्थिति मे प्रदेश के समस्त नदियों नालों और छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब जलाशय (बड़े या छोटे) निर्मित हैं वहाँ केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि इन नियमों का उल्लंघन करने पर छग राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के नियम -3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक साल का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान हैं। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं हैं। अतिरिक्त जलाशयों में किए जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगा।

# महाराष्ट्र की शराब तस्करी, तीन आरोपी गिरफ्तार

- चौकी पाटनखास पुलिस की कार्रवाई

**मोहला**। नशीले पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने महाराष्ट्र की शराब को बाइक से तस्करी करने के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिनसे 292 पौवा महाराष्ट्र निर्मित देशी दारू संत्री बरामद की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पिताम्बर पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ताजेश्वर दीवान, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नेहा पवार के मार्गदर्शन में अवैध रूप से शराब बिक्री व परिवहन करने वालों के विरूद्ध धरपकड़ कार्रवाई की जा रही है।



### अवैध रूप से परिवहन कर रहे थे

जिसके तहत पाटनखास चौकी प्रभारी गणेश यादव एवं थाना स्टाफ द्वारा विशेष मुहिम चलाकर 15 जून को आरोपी मिलिंद टेम्भुकर पिता स्व. मोतीराम टेम्भुकर 55 साल साकिन पिडकेपार थाना देवरी जिला गोंदिया महाराष्ट्र, सुरेश सोरी पिता दिलीप सोरी 32 साल साकिन ग्राम साल्हे थाना कोटगुल जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र, संजय टेम्भुरर्णे पिता अंताराम टेम्भुरर्णे 31 साल ग्राम कोसमी-2 थाना कोटगुल जिला गढ़चिरौली महाराष्ट्र के कब्जे से महाराष्ट्र निर्मित देशी दारू को मोटर साइकिल में अवैध रूप से परिवहन करते पाया गया।

### शराब व मोटर साइकिल बरामद

पुलिस के अनुसार आरोपी मिलिंद टेम्भुकर के कब्जे से 100 पौवा देशी शराब महाराष्ट्र निर्मित कीमती 7 हजार रुपए घटना में प्रयुक्त 1 नग मोटर साइकिल काले रंग की ग्लेमर हीरो कंपनी का, आरोपी सुरेश सोरी के कब्जे से 96 पौवा देशी दारू संत्री महाराष्ट्र घटना में प्रयुक्त 1 नग मोटर साइकिल काले नीले रंग की होंडा सीडी एवं आरोपी संजय टेम्भुरर्णे के कब्जे से 96 पौवा देशी दारू संत्री महाराष्ट्र निर्मित घटना में प्रयुक्त 1 नग मोटर साइकिल लाल-काला रंग का हीरो कंपनी पैशन प्रो बरामद कर आरोपियों के विरूद्ध 34 (2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड लिया गया।

# जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव आज, सांसद पांडे करेंगे नवप्रवेशियों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

सांसद संतोष पांडे के मुख्य आतिथ्य में आज पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्कूल में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक यशोदा वर्मा करेंगी जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप मे डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिपं अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जनपद अध्यक्ष राजेश्री त्रिपाठी, छुईखदान जनपद अध्यक्ष पुश्पा वर्मा, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, छुईखदान नपं अध्यक्ष नम्रता किशोर दास, गंडई नंप अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, पूर्व विधायक कोल जंघेल, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, पूर्व जिपं सभापति व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, जिला भाजपाध्यक्ष डॉ बिशेसर साहू, बक्शी स्कूल शाविप्र समिति अध्यक्ष शशांक ताम्रकार, सेजेस कन्या शाविप्र अध्यक्ष आलोक श्रीवास और अमलीपारा सेजेस शावप्रि अध्यक्ष कमलेश कोठले होंगे। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रवेशोत्सव के शानदार आयोजन को लेकर पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी शाला मे विशेष तैयारी की गई है। इस दौरान अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत किया जाएगा। पाठ्यपुस्तकों, गणवेश और छात्राओं को साइकिल वितरण की जाएगी।

डीईओ लालजी द्विवेदी ने बताया कि जिले के सभी शालाओं में शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिवस से ही बच्चों को मध्यांह भोजन मिलने लगेगा इसके लिए शाला स्टाफ को चाक चौबंद व्यवस्था रखने पहले ही निर्देश दिया जा चुका है।

# म्यूल एकाउंट खाताधारक गिरफ्तार

**राजनांदगांव**। म्यूल एकाउंट खाता धारकों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक म्यूल अकाउंट खाताधारक पर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु. अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिंह सिसोदिया राजनांदगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास के नेतृत्व में वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त म्यूल एकांउट खाताधारक के खिलाफ कार्रवाई संबंधी दिशा-निर्देश प्राप्त होने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

विवेचना के दौरान आरोपी लोकेश कुमार 25 साल पता ग्राम कल्लुबंजारी थाना छुरिया का पता तलाश कर पूछताछ कर मेमोरंडम कथन तैयार किया गया। मेमोरंडम कथन में आरोपी



ने बताया कि उनके साथी द्वारा आज से लगभग 1 वर्ष पूर्व बैंक खाता फ्री में खुल रहा है, कहकर उनके नाम पर बैंक खाता खुलया एवं खुलवाने के बाद उसे उस बैंक खाता को उनके द्वारा संचालित करने के नाम पर 1000 रुपए देना कहने पर आरोपी ने उसे बैंक खाता में उनका मोबाइल नंबर लिंक करवाकर बैंक संबंधित दस्तावेज, एटीएम, पासबुक सभी को अपने दोस्त को सौंप देना बताया है। जिसमें अपराध से संबंधित धनराशि का आदान-प्रदान किया जा रहा था।

इस दौरान आरोपी के खिलाफ धारा सदर का पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर बैंक से जानकारी प्राप्त किया गया, को आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी को ज्युडिशियल रिमांड पर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

REQUIREMENTS
YASHODA SANSKAR VIDYA MANDIR
(ENGLISH MEDIUM SCHOOL) SUKULDAIHAN
POSTS - TEACHER
SUBJECTS
1. SOCIAL SCIENCE
2. SCIENCE
3. MATHS
-: CONTACT US :-
9131302993
9303108322
NOTE:- CANDIDATE SHOULD HAVE
1. POST GRADUATION 2. B. ED.
3. ENGLISH MEDIUM DEGREE OF SCHOOL/COLLEGE

## मोदी सरकार के ग्यारह वर्ष की गिनाई उपलब्धियां

# धरती से लेकर अंतरिक्ष तक मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केन्द्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर जिला भाजपा कार्यालय में वन मंत्री केदार कश्यप ने एक प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित करते केंद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि देश में मोदी सरकार ने विकास के कई कीर्तिमान लिखे हैं।

आज भारत सभी सुविधाओं से लैस हो रहा है। हम दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन गए हैं और जल्द ही तीसरी बड़ी शक्ति के रूप में उभरेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो संकल्प लेते हैं उसे पूरा करते हैं। केंद्र की सरकार पारदर्शिता से काम कर रही है। मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकसित भारत के अमृतकाल में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के विकास की नई यात्रा तय की है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण की रफ्तार को गति दी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 2016 के तहत 111 जल मार्गों को राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किया गया है और पिछले 5 वर्षों में 36000 किलोमीटर हाई स्पीड कॉरिडोर का निर्माण किया गया।



### अंतरिक्ष से भी आगे बढ़ रहा भारत

प्रेस कान्फ्रेंस में कहा गया कि वर्ष 2024 में चंद्रयान-3 की सफलता और अब गगनयान की तैयारी इस बात को प्रमाणित करती है कि नया भारत केवल धरती ही नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में भी आगे बढ़ रहा है।

### किसानों के लिए बेहतर काम

प्रेस कान्फ्रेंस में बताया गया कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2025-26 में कृषि बजट को रिकॉर्ड 5 गुना बढ़ाया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 3.7 लाख करोड़ रुपए दिए गए हैं। वहीं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अब तक 1.75 लाख करोड़ से अधिक का भुगतान किया जा चुका है। वहीं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना से 81 करोड़ लोगों को मुक्त 5 किलो अन्न दिया गया है और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक पक्के घर बनाए गए हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर,
29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग,
ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग,
त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर -16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

**खबर संक्षेप**

### कच्ची महुआ मदिरा के विरूद्ध बड़ी कार्यवाही

**कवर्धा।** जिले में बढ़ती अपराध व अपराधिक गतिविधियों में लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। वहीं अवैध शराब के खिलाफ अभियान के तहत श्याम लाल धावड़े एवं कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार तथा उपायुक्त आबकारी अनिमेष नेताम व जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे के मार्गदर्शन में अवैध शराब के परिवहन के विरूद्ध शनिवार को आबकारी वृत्त सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम सिंघनपुरी जंगल मे अवैध महुआ शराब के परिवहन की विश्वनीय मुखबिर कि सूचना पर सिंघनपुरी मार्ग में नाका लगाकर दो पहिया वाहनों की सघन जांच व वाहन एवं आरोपी की विधिवत तलाशी लेने पर आरोपी खिलेश्वर पटेल के अधिपत्य वाहन पैशन-प्रो से 1.5 लीटर महुआ शराब, गेंदू के अधिपत्य वाहन पैशन-प्रो से 02 लीटर महुआ शराब तथा सीताराम के अधिपत्य वाहन हीरो डीलक्स से 01 लीटर महुआ शराब एवं मोहित साहू के अधिपत्य वाहन हीरो स्प्लेंडर से 02 लीटर महुआ शराब बरामद होने से मदिरा एवं वाहनो को मौके पर जप्त किया गया एवं उक्त आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की यथा संशोधित धारा 34 (1) क के तहत अपराध कायम किया गया। साथ ही आबकारी वृत्त कवर्धा में ग्राम नेवारी गुड़ा निवासी जगनंदन यादव के संज्ञान अधिपत्य से 04 लीटर महुआ शराब बरामद होने पर 34 (1) क के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आबकारी वृत्त सहसपुर लोहारा प्रभारी रामानंद दीवान के नेतृत्व में उक्त कार्यवाही की गई।

**स्वच्छता अभियान:** दर्री पारा तालाब में लगातार छठवें रविवार को हुआ श्रमदान

# स्वच्छता की ओर अग्रसर होने लगा दर्रीपारा तालाब: चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

तालाबों का संरक्षण एवं संवर्धन की मुहिम लगातार जारी है। इसी कड़ी में दसवें पड़ाव के तहत लगातार छठवें रविवार को भी दर्री पारा तालाब में स्थानीय लोगों, जनप्रतिनिधियों और वार्डवासियों ने मिलकर श्रमदान किया। आज प्रमुख रूप से सिनियर सिटीजन एवं तुलसी मानस मित्र मण्डली के सदस्यों ने अपनी भागीदारी निभाकर तालाब की सफाई कर उसे स्वच्छ बनाया गया। स्वच्छ, सुंदर और विकसित कवर्धा बनाने के संकल्प के तहत तालाबों के सफाई के लिए नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी को शुभकामनाएं दी। नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा के कुशल नेतृत्व व सांसद संतोष पाण्डेय का कुशल मार्गदर्शन से पूरे कवर्धा को स्वच्छ व सुंदर बनाने का बीड़ा उठाया गया है, उन्होनें बताया कि दर्री पारा तालाब की सफाई कार्य पूर्ण होने उपरांत अन्य तालाबों का भी श्रमदान से स्वच्छ बनाया जाएगा। उन्होनें कहा कि इस प्रयास से न केवल तालाब की साफ-सफाई हुई, बल्कि पानी की गुणवत्ता में भी सुधार आने लगा है। तालाब अब स्वच्छ दिखने लगा है, लगातार इस तरह के प्रयासों से शहर के पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी और जल स्त्रोत सुरक्षित रहेंगे। आज सिनियर सिटीजन एवं तुलसी मानस मित्र मण्डली के सदस्यों ने एक साथ तालाब सफाई में अपना श्रमदान किया। जिसके लिए नगर पालिका की टीम आभारी है, उन्होनें यह भी कहा कि युवाओं और स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों को भी इस मुहिम से जोड़ा जाएगा ताकि उनमें जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़े। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के साथ उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, सभापति बिहारी राम धुर्वे, दुर्गेश अवस्थी, अजय ठाकुर, पार्षद सुरेन्द्र पाण्डेय, पूर्व पार्षद सुरेन्द्र गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि अनिल साहू, केशरी सोनी, सोनू उपाध्याय, सचिन अग्रवाल, अजय चौबे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित कुमार साहू, उपअभियंता राजेश मिश्रा सहित अधिकारी-कर्मचारीगण अधिक संख्या में उपस्थित थे।

**तुलसी मानस मित्र मंडली एवं सीनियर सिटीजन ने किया श्रमदान**



स्थानीय समाजसेवी संगठन तुलसी मानस मित्र मंडली के सदस्यों एवं क्षेत्र के सीनियर सिटीजन के सदस्य जिसमें छत्रपाल पुरी गोस्वामी, अश्वनी पाण्डेय, दिनेश साहू, हरिप्रसाद विश्वकर्मा, एसएस जैन, भंवर चंद लुनिया ने मिलकर एक प्रेरणादायक पहल करते हुए तालाब स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इस अभियान के अंतर्गत उन्होंने तालाब की सफाई में श्रमदान कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सदस्यों ने अपने हाथों से कचरा उठाया और जल स्रोत को स्वच्छ व सुंदर बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस प्रयास का उद्देश्य न केवल जलस्रोत की सफाई था बल्कि समाज में स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता का संदेश देना भी था। इस मौके पर मंडली के सदस्यों ने कहा कि प्रकृति की रक्षा हम सबकी जिम्मेदारी है। अगर हम मिलकर अपने आसपास के जल स्रोतों को स्वच्छ रखें, तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण दे सकते हैं। इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा यह कार्य प्रेरणा का स्रोत बनते हैं। इस अभियान का उद्देश्य न केवल तालाबों को साफ-सुथरा बनाना है, बल्कि पारंपरिक जल स्रोतों का संरक्षण कर वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना है। यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ जल और हरित वातावरण उपलब्ध कराने में मददगार सिद्ध होगा।

## श्रीमद्भागवत कथा के सप्तम दिवस सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष कथा रसपान कराया: कृष्णकांत शर्मा



■ श्रीमद् भावगत कथा सुनने उमड़ रही भक्तों की भारी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्राम धनेली में नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का बड़ी सुंदर से स्वभाव से पं कृष्णकांत शर्मा पिपरिया वाले द्वारा सप्तम दिवस कथा में सुदामा चरित्र का कथा रसपान भक्तजनों को कराया गया। जिसमें सुदामा जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते, वहीं पत्नी सुशीला सुदामा से बार-बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारिकाधीश है। उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारिका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते। उनकी दीन-दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सुदामा को सिंहासन पर बैठाकर भगवान कृष्ण सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा कृष्ण से विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं, लेकिन सुदामा अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। इस लिए कहा गया है कि जब-जब भक्तों पर विपदा आई है, प्रभु उनका तारण करने जरुर आए हैं।

अगले प्रसंग में शुकदेव ने राजा परीक्षित को सात दिन तक श्रीमद्भागवत कथा सुनाई, जिससे उनके मन से मृत्यु का भय निकल गया। तक्षक नाग आता है और राजा परीक्षित को डस लेता है। राजा परीक्षित कथा श्रवण करने के कारण भगवान के परमधाम को पहुंचते है। वहीं श्रीमद्भावत महापुराण ज्ञानय यज्ञ में मुख्य यजमान श्रीमती राधिका कोमल साहू एवं आयोजक श्रीमती कृष्णाबाई साहू एवं लक्ष्मीबाई साहू द्वारा स्व. रामभरोसा साहू के वार्षिक श्राद्ध पर नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिससे आसपास क्षेत्र में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

## समस्याओं से घिरे नई शिक्षा सत्र का प्रारंभ आज से शुरू

■ बुनियादी सुविधाओ के अभाव में नौनिहाल बच्चे परेशान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

प्रदेश, शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रो में नए शिक्षण सत्र की शुरुआत 16 जून से हो रही है। इस बार भी जिले के बच्चे जर्जर स्कूल में बैठने को मजबूर होंगे। टपकती छत और दीवारों में मोटी-मोटी दरारें बच्चों को परेशान करने तैयार है। जर्जर स्कूलों भवनों की सुधार व मरम्मत कार्य को लेकर जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग से कई बार शिकवा-शिकायत की गई, लेकिन अभी तक जर्जर स्कूलों की मरम्मत के लिए प्रशासन ने कोई ठोस योजना नहीं बनाई। हर वर्ष अनहोनी की आशंका के बीच बच्चे बैठ कर पढ़ाई करते हैं। लेकिन शासन की नाकामी है कि यहां की व्यवस्था और परेशानी उन्हें नजर नहीं आ रही है। शिक्षा विभाग के कान के नीचे जूं तक नहीं रेंग रही है, तो वहीं स्थानीय स्कूल प्रबंधन का यह कहना है कि हम इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दे चुके हैं।



### अव्यवस्था के बीच पढ़ाई करने मजबूर नौनिहाल बच्चे

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का शासकीय माध्यमिक शाला व प्राथमिक शाला तथा आंगनवाड़ी के नौनिहाल बच्चे वंचित नजर आ रहे है। सभी सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में शासन प्रशासन द्वारा पानी टंकी का निर्माण कराया गया, ताकि स्कूली बच्चे और आंगनबाड़ी की नौनिहाल बच्चों को हाथ मुंह धो सके व पेयजल उपलब्ध हो सकें। लेकिन देख-देख व बाउंड्रीवॉल के अभाव के कारण नल अत्यंत जर्जर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं जिनके कारण से स्कूली बच्चों और आंगनबाड़ी के नौनिहाल बच्चों को इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। वहीं बांझीमौहा के प्राथमिक स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्रो में पानी टंकी सिर्फ और सिर्फ शो-पीस बनकर रह गया है और इस भीषण गर्मी में नौनिहाल बच्चे भी व्याकुल हो रहे हैं।

## स्कूलों में भारी अव्यवस्था के बीच आज से नए शिक्षा सत्र का शुभारंभ: मनीष शर्मा

■ पानी की भारी समस्या, मध्यान भोजन बनाने के लिए होगी दिक्कते।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पंडरिया विकासखंड अंतर्गत के अधिकांश स्कूलों का हाल-बेहाल भवन जर्जर व बदहाल है। वहीं भारी अव्यवस्था के बीच नए शिक्षा सत्र की शुरुआत हो रही है। लेकिन अव्यवस्था का आलम कांग्रेस नेता मनीष शर्मा ने सरकार से मांग की है कि स्कूल परिषर में बंद व खराब हैंडपम्प होने व वॉटर लेबल कम तथा नीचे जाने की वजह से स्कूली छात्र छात्राओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। वहीं वनांचल के ग्राम बदनाचुवा, खुसियारी, बहपानी, अमली टोला स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला व शासकीय प्राथमिक शाला में स्कूल भवन व शौचालय की हालत अत्यंत दयनीय है। इस भारी अव्यवस्था के बीच आज सरकार शाला प्रवेश उत्सव मनाया। जिस पर कांग्रेस नेता मनीष शर्मा ने राज्य सरकार से मांग किया है कि स्कूल बंद थे, बंद हालात में भवन खराब हो जाते है उसे सुधार कर रंग-रौगन कर उत्सव मनाया जाएं जिससे काफी हद तक स्कूली छात्राओं को राहत व सुविधा मिल सकें।





## भारतीय विज्ञान शिक्षा अनुसंधान संस्थान भोपाल के राष्ट्रीय विज्ञान शिविर में छत्तीसगढ़ से अशोका स्कूल के दो विद्यार्थियों का चयन





**हरिभूमि कवर्धा।** अशोका स्कूल के लिए यह अत्यंत गर्व का विषय है कि भारतीय विज्ञान शिक्षा अनुसंधान संस्थान भोपाल द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन राष्ट्रीय विज्ञान शिविर में छत्तीसगढ़ से केवल दो प्रतिभाशाली बच्चों को भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ, जो अशोका स्कूल के विद्यार्थी हैं। यह शिविर देशभर के उत्कृष्ट विज्ञान छात्रों के लिए एक अत्यंत प्रतिस्पर्धी और प्रतिष्ठित कार्यक्रम है। वहीं चयनित विद्यार्थियों में कक्षा 12 वीं के नैतिक और विनय शामिल हैं, जिन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में अपनी गहरी रुचि, जिज्ञासा और लगन से यह उपलब्धि प्राप्त की है। यह शिविर आईआईएसईआर भोपाल परिषर में आयोजित किया गया, जिसमें देशभर के चुनिंदा छात्र आधुनिक विज्ञान, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और प्रख्यात वैज्ञानिकों से सीधे संवाद का अनुभव प्राप्त किया। विद्यालय के संचालक पवन देवांगन तथा श्रीमती सारिका देवांगन, प्राचार्य लोकनाथ देवांगन ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा, यह हमारे विद्यालय और छत्तीसगढ़ राज्य के लिए गौरव की बात है। विद्यार्थियों की इस सफलता ने यह साबित किया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रतिभाएं मौजूद हैं, जिन्हें उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं। जिस पर विद्यालय परिवार ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए प्रेरणास्रोत है, बल्कि क्षेत्र के अन्य छात्रों को भी विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेगी।

### शनिदेव मंदिर व हनुमान मंदिर में पूजा-आरती कर विमान हादसा में दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की



**हरिभूमि पोंड़ी।** ग्राम पंचायत पोंड़ी में वार्ड क्रमांक 04 व 07 में महादेव शनि देव मंदिर मे समस्त वार्डवासियों द्वारा हनुमान चालीसा पाठी बंधुओ द्वारा हनुमान चालीसा पाठ स्तुति महाआरती प्रसादी वितरण किया। तत्पश्चात अहमदाबाद मे विमान हादसा मे दिवंगत लोगों के आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नितेश जितु निर्मलकर, राकेश चौहान, सत्या साहू, फलेश्वर निषाद, झामसिह चौहान, आशु चौहान, दुर्गेश यादव, महेश निषाद, रामकुमार नामदेव, देवेंद्र साहू, रवि चौहान, बाबू चौहान, दीपक, रुद्र चौहान, मोटू साहू एवं वार्ड क्रमांक 04 व 07 के समस्त वार्डवासी तथा गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

## बिजली ट्रांसफार्मर झुके होने से किसानों के सिर पर मंडरा रहा खतरा

■ ग्रामीण किसानों ने कि सुधार व मरम्मत कार्य की मांग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से सात किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम बीजाझोरी के ग्रामीण किसानो को भारी दिक्कतो व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण किसान लाला प्रसाद साहू व बवला चंद्रवंशी ने बताया कि इन दिनों खेतों-किसानी कार्य जोरों पर है। वहीं ग्रामीण किसान द्वारा खेतों में टमाटर की फसल तथा तथा गन्ना फसल की खेती कर रहे है। उन्होने बताया कि दो बिजली ट्रांसफार्मर देख-रेख व सुधार तथा मरम्मत कार्य के अभाव में धीरे-धीरे जमीन की ओर झुक रहे हैं, जो रेखा गणित के त्रिभुज कोण जैसे दिखाई देने लगे हैं।

वहीं बिजली ट्रांसफार्मर धीरे धीरे जमीन पर गिरने के कगार पर है, जो कि किसी भी वक्त अप्रिय घटना को न्योता दे रहे है। जिस पर ग्रामीण किसानों ने इसकी शिकायत विभागीय अधिकारियों तथा जिम्मेदारों को की गई, ताकि बिजली ट्रांसफार्मर की सुधार कार्य किया जा सकें। यहां बताना लाजिमी होगा कि तार जमीन छुने को आतुर है, जबकि ग्रामीण किसानों 24 घंटे कृषि कार्य के लिए खेत- खलिहानों में काम काज करते है। जिससे किसानों के सिर पर खतरा मंडरा रहा है। जिस पर ग्रामीण किसानों ने जल्द से जल्द झुके बिजली ट्रांसफार्मर की सुधार एवं मरम्मत किए जाने अपील की गई ताकि किसानों को हादसा से बचा जा सके।



**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मुख्य अतिथियों ने पुरस्कार व प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिए**

## अशोका पब्लिक स्कूल में बड़े हर्षोल्लास के साथ समर कैम्प संपन्न





हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय अशोका पब्लिक स्कूल में विगत 09 जून से प्रारम्भ ग्रीष्मकालीन शिविर समारोह 14 जून को अतिथियों के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद के साथ समापन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस छह दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर में अशोका स्कूल सहित विभिन्न स्कूल के 557 प्रतिभावान विद्यार्थियों ने भाग लिया। बच्चों ने इन छह दिवसीय समर कैंप में आर्ट-क्राफ्ट, हैंडराइटिंग, म्यूजिक, डांस, रैन डांस-स्विमिंग एवं कराटे के साथ 6 एक्टिविटी में भाग लेकर अपने हुनर को निखारा। इस शिविर में प्रतिदिन 3 घण्टे की निःशुल्क प्रशिक्षण स्कूल के शिक्षकों के द्वारा दिया गया, जिसे बच्चो ने बहुत ही अच्छे से सीखा एवं खूब इंजॉय भी किया। कार्यक्रम के समापन दिवस में पालक गणों के लिए भी मी और मम्मा कार्यक्रम रखा गया, जिसमें पेरेंट्स के लिए भी रैंप वॉक, रंगोली एवं मेहंदी प्रतियोगिता रखी गयीं। जिसमें लगभग 150 पेरेंट्स ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया। मी एंड मम्मा रैंप वॉक इस कार्यक्रम का विशेष आकर्षण केंद्र रहा। ग्रीष्मकालीन शिविर के समापन कार्यक्रम में मुख्य अथिति श्रीमती मोनिका सिंह परिहार (डिप्टी कमांडर अधिकारी, 17वीं विशेष भारत रक्षित वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल कवर्धा) तथा बीएस चौहान उपस्थित थें। कार्यक्रम के अतिथियों का स्वागत विद्यालय के स्काउट-गाइडस द्वारा मार्चपास्ट कर किया गया।

तत्पश्चात मां सरस्वती के तैलचित्र में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती मोनिका परिहार द्वारा अपने उद्बबोधन में कही कि मैंने अब तक इस विद्यालय का नाम सुना था, आज विद्यालय प्रांगण आने का सुअवसर मिला, तो जैसा सुना उससे कहीं अधिक मैंने पाया और देखा के सचमुच इस विद्यालय के छात्र-छात्राएं विलक्षण प्रतिभा के धनी हैं। बच्चों द्वारा प्रदर्शित क्राफ्ट, नृत्य, चित्रकला, कराटे, रंगोली से उनकी प्रतिभा साफ झलक रही हैं। निश्चित रूप से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय ही एकमात्र संस्था होती हैं, जो कि अशोका पब्लिक स्कूल ने बखूबी निभाया हैं। उन्होंने कहा इस शिविर से बच्चे उत्साहित हो, ऊर्जावान हो तीव्र गति से विभिन्न कौशल में दक्ष होगे।

उन्होंने बच्चों को हमेशा खुश होकर लक्ष्य निर्धारित करते हुए अनुशासन के साथ लक्ष्यप्राप्ति हेतु अग्रसर रहने को कहा एवं कार्यक्रम-प्रतियोगिता में भाग लेने एवं विजयी पेरेंट्स को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किए। मुख्य अतिथि बीएस चौहान ने अभिभावकों एवं बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह समर कैंप बच्चों के लिए बहुत जरूरी हैं, जिसका उद्देश्य गर्मी की छुट्टियों में मनोरंजन के साथ-साथ रचनात्मक और शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़कर उन्हें नए युग के लिए तैयार करना क्यूंकि बच्चे ही देश के भविष्य होते हैं। मैं विद्यालय के निर्देशक पवन देवांगन एवं श्रीमती सारिका देवांगन को उनके विशेष शैक्षणिक विचारधारा, महत्वाकांक्षा, निरंतर कठोर श्रम एवं प्रयासों से शिक्षा के क्षेत्र में विगत 25 वर्षो से उनके योगदान से कवर्धा शहर में नई-नई शैक्षणिक पद्धति साकार हो पाई है। जिनका लाभ लेकर कई विद्यार्थीयों ने अपना भविष्य बनाकर विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थ हो देश के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत सीनियर छात्राओं द्वारा स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुति कर हुआ। तदुपरांत प्राचार्य लोकनाथ देवांगन द्वारा बतलाया गया कि इस कैंप में लगभग 557 बच्चों ने भाग लिए, जिसमें शहर के अन्य विद्यालय के छात्र-छात्राए भी शामिल रहें, विभिन्न गतिविधियां जैसे कला एवं चित्रकला, नृत्य एवं संगीत, खेलकूद एवं योगाभ्यास साइंस एवं क्राफ्ट प्रोजेक्ट्स तथा कराटे जैसे गतिविधियों में शामिल हुए,साथ ही साथ विभिन्न प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मुख्य अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र दिया गया। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक गण उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### बीकॉम भाग-2 का परीक्षा परिणाम 67.09 प्रतिशत

**कवर्धा।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग ने मार्च-अप्रैल 2025 की वार्षिक परीक्षा का परिणाम जारी किया है। बीए (एडिशनल) भाग-द्वितीय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। बीए (एडिशनल) भाग-तृतीय में 97.37 प्रतिशत छात्र पास हुए। बीकॉम भाग-द्वितीय का ओवरऑल परिणाम 67.09 प्रतिशत रहा। एमए (हिंदी) पूर्व का परिणाम 93.50 प्रतिशत और अंतिम वर्ष का 93.38 प्रतिशत रहा। नतीजे विवि की वेबसाइट पर है।

### ग्रामीणों ने की सीसी रोड व नाली निर्माण की मांग

**कवर्धा।** विकासखंड स.लोहारा अंतर्गत ग्राम विरेन्द्र नगर में लोग मूलभूत सुविधा की समस्या से जूझ रहे हैं। आलम ये है कि ग्रामीणों को नाली, सीसी सड़क की सुविधा तक नसीब नहीं हो रही है। आने वाला मौमस बारिश का है, ऐसे में एक बार फिर ग्रामीणों को कीचड़ से लथपथ होकर चलना होगा। लिहाजा ग्रामीणों ने समय रहते मांग के अनुरूप मूलभूत निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान करने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने अपने लिखित शिकायत में बताया कि गांव के ओमप्रकाश किराना दुकान से लेकर सुन्दर साहू के घर तक कच्ची रोड होने के कारण मोहल्लेवासी व आवागमन करने वालों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होने गांव में सीसी व नाली निर्माण की मांग की है।

### भर्ती परीक्षा के नतीजे किए गए घोषित

**कवर्धा।** व्यापमं ने कृषि विभाग में सहायक सांख्यिकी अधिकारी भर्ती परीक्षा का परिणाम गुरुवार को जारी कर दिया। यह परीक्षा 13 अप्रैल को हुई थी। परीक्षा के मॉडल उत्तर व्यापमं की वेबसाइट पर पहले ही जारी किए गए थे। अभ्यर्थियों से प्राप्त दावा-आपत्तियों का विषय विशेषज्ञों ने परीक्षण कर अंतिम उत्तर तैयार किए गए। नतीजे व्यापम की वेबसाइट पर अपलोड है।

### श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्वाति का सम्मान

**राजनांदगांव।** पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में अखिल भारतीय नृत्य एवं कला प्रतियोगिता का आयोजन गत दिनों किया गया। कत्थक रॉकर्स द्वारा तरांगण मंच के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में इंडियन नेशनल डांस म्यूजिक, इंस्ट्रूमेंट, फाइन आर्ट, शास्त्रीय गायन, सेमी क्लासिकल, आदि कंपटीशन एवं फेस्टिवल (प्रस्तुति) का शानदार आयोजन 30 मई से 2 जून तक दार्जिलिंग के गोरखारंगमंच भानु भवन में किया गया था।

# तमाम अव्यवस्थाओं व आधी अधूरी तैयारियों के बीच जिले में आज से फिर खुलेंगे स्कूलों के पट

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा/कोलेगांव

युक्तियुक्तकरण के ज्वलंत मुद्दे, जिले में संचालित सरकारी स्कूलों की खस्ताहाल और चरमराई व्यवस्था, स्कूल सफाई कर्मचारियों की बेमुद्दत हड़ताल और इन दिनो पड़ रही भीषण गर्मी के बीच ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 16 जून से एक बार फिर स्कूलों के पट खुलने जा रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग की माने तो 16 जून से प्रारंभ होने नए शिक्षा सत्र को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। 16 जून से ही शाला प्रवेशी उत्सव भी प्रारंभ हो जाएगा। जिसमें स्कूल पहुंचने वाले बच्चों को शाला गणवेश तथा पाठ्पुस्तक वितरण कर तथा तिलक लगाकर उनका स्वागत किया जाएगा। हालांकि विभागीय जानकारी के मुताबिक जिले में स्कूली बच्चों के लिए शाला गणवेश का आबंटन तो प्राप्त हो गया है। वहीं मिडिल स्कूल, हाई स्कूल से लेकर हायर सेकेण्डरी स्कूलों की पाठ्य पुस्तकें भी प्राप्त हो चुकी है लेकिन अभी तक प्राथमिक शालाओं की पुस्तकों का आबंटन प्राप्त नहीं हुआ है, जो आने के बाद वितरित की जाएगी। लेकिन इन सब के बीच जिले के खस्ताहाल स्कूल भवनो, बच्चो की बैठक व्यवस्था आदि को लेकर विभाग कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे पा रहा है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचलों में संचालित ऐसे दर्जनों सरकारी स्कूल भवन है जिन्हें मरम्मत की दरगार है। इनमें से कुछ तो बेहद जर्जर व खस्ताहाल हो चुके हैं और उनमें स्कूली बच्चे जान हंथेली में लेकर पढ़ाई लिखाई करते हैं। विकासखण्ड पंडरिया की ग्राम बाहपानी की बात की जाए तो यहां संचालित सरकारी स्कूल भवन की स्थिति भी बेहद दयनीय है। स्कूल भवन की दीवारों का प्लास्टर पूरी तरह उखड़ चुका है। भवन की खिड़कियों, फ्लोरिंग आदि का भी हाल बेहाल है। इसी तरह विकासखण्ड पंडरिया के ही ग्राम बाहपानी, कुशयरी, महिडबरा, हथिगुड़ान, मजगांव, पंडरीपानी, सेमहरा, कांदावानी, छीरपानी, जगखनाडीह, सिंगपुर, रोखनी, तेलियापानी लेदरा, अधचरा, भेलकी, देवानपटपर, बोहिल, गभोड़ा, बिरकोना, चियाडॉढ, आगरपानी, फिफलीपानी, भेढ़ागढ़, अमनिया सहित दर्जनों ग्रामों के स्कूलों की स्थिति मरम्मत योग्य है। यहीं स्थिति कमोबेश जिले के विकासखण्ड बोड़ला, स. लोहारा तथा कवर्धा के ग्रामीण व वनांचलों का भी है।

### बैठक व्यवस्था का आभाव, विधायक से मांग




सरकारी स्कूलों की खस्ताहाल और चरमराई व्यवस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जिले के विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम सैहामालगी में संचालित शासकीय हायर सेकेण्डरी के प्राचार्य तथा शाला विकास समिति ने क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा को ज्ञापन सौंपकर कर स्कूल में कमरों की व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। इस संबंध में स्कूल के प्राचार्य के मुताबिक वर्ष 2018-19 में हाई स्कूल सैहामालगी का उन्नयन हायर सेकेंण्डरी स्कूल के रूप में किया गया था। लेकिन न तो अतिरिक्त कक्षों की संख्या बढ़ाई गई और न ही दूसरी कोई व्यवस्था की गई। वर्तमान में यहां कक्षा नवमीं से कक्षा 12वीं तक की कक्षाएं संचालित होती है। हाई स्कूल शाल भवन में कक्षों की कमी होने के कारण हायर सेकेंण्डरी की कक्षा 11वीं (कला और विज्ञान समूह) कक्षा 12वीं (कला और विज्ञान समूह) की कक्षाएं संचालित कराने में अत्यंत कठनाई हो रही है। स्थिति ये है कि एक कक्ष को बीच में दीवाल खड़ा करवाकर दो कक्षाएं संचालित करायी जाती है। प्रायोगिक कक्ष में प्रेक्टिकल सामाग्री भरे होने के बावजूद कक्षा नवमीं की कक्षा संचालित कराई जाती है। कमरे में जहां 20 बच्चे बैठ पाते वहां वर्तमान में 34 से 38 बच्चे बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर है। कक्षा में बच्चों को बैठने के साथ ही साथ अन्दर प्रवेश करने एवं बाहर निकलने में भी बहुत तकलीफ होती है। प्राचार्य ने बताया कि बैठक व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष कक्षा 10 वीं उत्तीर्ण करने वाले बच्चों को मजबूर होकर कुछ बच्चों को टीसी देकर 11वीं एवं 12वी की दर्ज संख्या कम रखना पड़ रहा है। उन्होने इस समस्या को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक से स्कूल में 08 कक्ष, प्रयोगशाला कक्ष स्टोर कक्ष, पुस्तकालय कक्ष, कर्मचारियों एवं स्टॉफ कक्ष एवं प्राचार्य कक्ष के साथ स्कूल में बॉऊंड्रीबॉल की मांग की है।



### वर्तमान में जिले में पड़ रही भीषण गर्मी

गौरतलब है कि दिनो पूरे जिले में भीषण गर्मी पड़ रही है। उस पर बिजली का भी भारी रोना है। हालांकि जिले के कई स्कूल, विशेषकर ग्रामीण और वनांचलों के स्कूलों में तो बिजली व्यवस्था तक नहीं है ऐसे में यह भी एक समस्या है कि इस भीषण गर्मी में स्कूली बच्चे कैसे पढ़ लिख पाएंगे और कैसे नए शिक्षा सत्र की शुरूआत होगी।

**कार्रवाई:** विधि से संघर्षरत 02 बालकों पर जाकर रुकी हत्या की तफ्तीश

# विशेष जांच टीम ने 04 महीने पूर्व हुई अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कुई/कुकदुर



जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र में गत फरवरी माह में हुई एक बुजुर्ग सफाई कर्मी की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस की तफ्तीश विधि से संघर्षरत 02 बालकों पर जाकर रुकी है। अब पुलिस आरोपियों के खिलाफ विधिसंगत कार्यवाही कर रही है। इस संबंध में कुकदुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत 08 फरवरी 25 की रात्रि करीबन 10.00 बजे उसे किसी अज्ञात व्यक्ति के रोड पर खून से लथपथ पड़े होने की सूचना मिली। इस सूचना पर थाना कुकदुर की टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई और खून से लथपथ अज्ञात व्यक्ति को कुकदूर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने अज्ञात व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच पड़ताल में अज्ञात व्यक्ति की पहचान सुरेश बघेल पिता बुधराम बघेल आयु 58 साल के रूप में की गई जो बाजार कुई में सफाई का काम करता था तथा बाजार के ही बने सेड में निवास करता था। मृतक सुरेश बघेल के शव का कुकदुर पुलिस के द्वारा पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डॉक्टर द्वारा मृतक की मौत लाठी डंडे से मारपीट कर हत्या किए जाने से होना पाया गया। मामला गंभीर प्रवृत्ति का तथा हत्या का होने के कारण थाना कुकदूर में अपराध क्रमांक 23/25 धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। हत्या के प्रकरण में आरोपियों की लगातार पताशाजी कर विवेचना की जा रही थी लेकिन अज्ञात आरोपियों के पता नहीं चलने तथा हत्या के मामले लगातार लंबित होने के कारण कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया जिसके नेतृत्व की जिम्मेदारी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया भूपत सिंह धनेश्री को देकर लंबित हत्या प्रकरणों के निराकरण की जिम्मेदारी सौंपी गई। विशेष जांच टीम को सूचना मिली कि मृतक सुरेश बघेल का विधि से संघर्षरत 02 बालकों के साथ 07 फरवरी 2025 को कांच का बोतल फोड़ने के नाम पर वाद विवाद हुआ था। मृतक सुरेश बघेल ने दोनों बालकों को गाली गलौज किया था जिससे क्षुब्ध होकर दोनों अपचारी बालकों ने मृतक सुरेश बघेल को जान से मारने का धमकी दी थी। इस सूचना पर विशेष जांच टीम ने जांच जारी रखी तथा दोनों बालकों से विधिसंगत पूछताछ करने पर दोनों ने मृतक सुरेश बघेल की हत्या करने की योजना बनाकर हत्या करना स्वीकार कर लिया।

### योजना बनाकर की गई हत्या




पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि 8 फरवरी को रात्रि मे सुरेश बघेल अपने घर से बीड़ी लेने जा रहा था। जिसे देखकर वे बाजार कुई से डंडा तोड़कर आगर नदी पुल के नीचे छुप गए और सुरेश बघेल जब बीड़ी लेकर वापस अपने घर आ रहा था तभी उन्होने सुरेश बघेल पर डंडे से प्राण घातक हमला कर उसे सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोट पहुंचाकर उसकी हत्या कर दी। दोनों अपचारी बालकों के अपराध स्वीकार करने पर विधि संगत कार्यवाही कर उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इस संपूर्ण कार्यवाही में विशेष जांच टीम से निरीक्षक संतोष मिश्रा, निरीक्षक कमलकांत शुक्ला, निरीक्षक आशीष कंसारी निरीक्षक, थाना प्रभारी कुकदुर जेएल शांडिल्य, प्रधान आरक्षक वैभव सिंह कलचुरी, आरक्षक अमित ठाकुर, अजय कांत तिवारी, ईश्वर चंद्रवंशी,गज्जू सिंह राजपूत, संदीप पाण्डेय का विशेष योगदान रहा।

# पिता की हत्या के आरोप में पुत्र गिरफ्तार



■ आपसी विवाद के बीच पुत्र ने कर दी पिता की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

तरेगांव जंगल थाना क्षेत्र में हुए हत्या के मामले में कबीरधाम पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मृतक सिंगरू बैगा की हत्या उसके ही बेटे सोनसिंह बैगा ने आवेश में आकर कर दी थी।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक गत 13 जून को बंधौरा निवासी तिहारी बैगा ने पुलिस को सूचना दी कि गांव का सिंगरू बैगा खेत में मृत अवस्था में कंबल से ढका पड़ा है। इस सूचना पर मौके पर पहुंची तरेगांव जंगल पुलिस ने मृत के शव के साथ ही घटना स्थल से जैकेट, गमछा, सेंडो, स्टील का लोटा और बांस का डंडा बरामद किया। जांच के दौरान मृतक के बेटे सोनसिंह से पूछताछ की गई, जिसमें उसने स्वीकार किया कि दलदली से घर लौटते समय उसका पिता से विवाद हो गया था।

गुस्से में उसने बांस के डंडे से हमला कर दिया, जिससे सिंगरू बैगा की मौत हो गई। घटना को छिपाने के लिए आरोपी ने शव पर कंबल डाल दिया और खून से सने कपड़े घर में छुपा दिए। पुलिस ने आरोपी के मेमोरण्डम कथन पर खून लगे कपड़े और हत्या में प्रयुक्त डंडा जब्त कर लिया है। सोनसिंह बैगा को 14 जून को दोपहर 12:30 बजे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई की गई।

इस कार्रवाई में तरेगांव थाना प्रभारी संग्राम सिंह, सहायक उपनिरीक्षक बोनीफास मिंज, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र बंजारे और आरक्षक लिखीराम मरकाम की विशेष भूमिका रही। कबीरधाम पुलिस ने एक बार फिर तत्परता और प्रभावी कार्रवाई कर कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने का परिचय दिया है।

# जिले में एक भी स्कूल बंद नहीं होने का प्रशासन का दावा गलत

## जिले के दो प्राथमिक शाला हुए बंद, 150 से अधिक स्कूलों का अस्तित्व समाप्त

■ अब तक कोई आदेश जारी नहीं कौन सा स्कूल बंद हुआ कौन सा मर्ज किया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

युक्तियुक्तकरण में जिले में कोई भी स्कूल बंद नहीं होने का दावा शासन प्रशासन भले ही कर रहा हो, लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है। जिले में कुछ स्कूल बंद भी हुए हैं, तो कई स्कूलों का अस्तित्व ही हमेशा के लिए समाप्त हो गया है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि जिले में दो प्राथमिक शालाओं को हमेशा के लिए बंद कर दिया गया है। साथ ही जिले के 150 से अधिक प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शालाओं का अस्तित्व हमेशा के लिए समाप्त हो गया है। प्राथमिक शालाओं में कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत शहर के प्राथमिक शाला हटरी पारा व




नगर पालिका कन्या प्राथमिक शाला में से एक को बंद किया गया है। इसी प्रकार स.लोहारा ब्लॉक के प्राथमिक शाला नवघटा व प्राथमिक शाला सबराटोला में से एक को बंद किया गया है। मजे की बात ये है कि प्रशासन ने अब तक इन स्कूलों के शिक्षकों को ही नहीं बताया है कि इन स्कूलों में से किस स्कूल को बंद किया गया है। इसके अलावा जिले में 375 स्कूलों को युक्तियुक्तकरण के माध्यम से मर्ज किया गया है, जिनमें से 150 से अधिक स्कूलों का अस्तित्व हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगा। इसमें भी यह बात विचारणीय है कि इन 375 स्कूलों को 15 जून तक मर्ज होने संबंधी कोई आदेश नहीं दिया गया है, जबकि 16 जून से स्कूल का नया शिक्षा सत्र प्रारम्भ होने जा रहा है। इस प्रकार स्पष्ट है कि स्कूल के पहले दिन ये सभी स्कूल अलग-अलग प्रारम्भ होंगे। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, गोकुल जायसवाल, बलदाऊ चन्द्राकर आदि ने कहा कि शासन प्रशासन युक्तियुक्तकरण से शिक्षा व्यवस्था में सुधार होने का लाख दावा करे, लेकिन यह तय है कि स्कूल बंद कर व जिले में 1499 शिक्षक पद समाप्त कर गुणवत्ता नहीं लाया जा सकता है। अब भी वक्त है कि शासन प्रशासन अपनी गलती स्वीकार कर त्रुटिपूर्ण युक्तियुक्तकरण को तत्काल निरस्त करे।

### अनिल चन्द्रवंशी सम्मानित



**कवर्धा।** वर्थी फाउंडेशन लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा गत दिनो स्वास्थ्य, शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे कवर्धा के सहायक प्राध्यापक अनिल चंद्रवंशी को स्वामी विवेकानंद आदर्श रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान श्री चन्द्रवंशी को मुख्यतः स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणीं कार्य करने के लिए प्रदान किया गया। इससे पहले अनिल चन्द्रवंशी कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान स्वास्थ्य के क्षेत्र में निःशुल्क योगदान दें चुके है, इस सराहनीय कार्य के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया जा चुका है। इसके अलावा अनिल को मध्यप्रदेश पैरामेडिकल काउंसिल भोपाल द्वारा गोल्डमेडलिस्ट का खिताब भी मिल चुका है। श्री चन्द्रवंशी पीपल्स विश्व विद्यालय, सेम ग्लोबल, गांधी मेडिकल कॉलेज जैसे बड़ी बड़ी संस्थानों में अपनी सेवाएं दे चुके है। लेखन क्षेत्र में भी निपुणता के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी हमेशा अग्रणी रहते है। अपनी इस उपलब्धि के लिए वे समाज और परिवार को श्रेय देते हैं।

# अहमदाबाद विमान हादसे के दिवंगत लोगों की आत्मशांति के लिए किया यज्ञ



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

पतंजलि योग समिति ने अहमदाबाद विमान हादसे दिवंगत लोगों की आत्म शांति के लिए हवन का आयोजन किया। इस संबंध में के पतंजली योग समिति के जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी ने बताया की अहमदावाद विमान हादसे ने पूरे देश को गहरी शोक संवेदना में डुबो दिया है। इस हादसे में दो सवा दो सौ से अधिक बेगुनाह जिंदगियां के असमय अंत ने हर दिल को झकझोर कर रख दिया है, यह एक अपूर्णिय छती है जिसको शब्दों में व्यक्त करना कठिन है। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि इस विमान दुर्घटना में देश और विदेश के कई उद्योगपति, होनहार डॉक्टर, इंजीनियर, राजनेता और छोटे-छोटे मासूम बच्चों से लेकर अनेक गणमान्य नागरिक असमय काल कलित हो गए है, ये देश व समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। इस हृदय विदारक घटना से पूरा देश स्तब्ध है। उन्होने कहा कि इस हादेस में मृतकों के परिजनो पर जो दुखों का पहाड़ टूटा है वह अत्यंत पीड़ा दायक है। इस दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। इस हृदय विदारक घटना में मारे गए दिवंगत लोगों की आत्माओं के शांति एवं उनके परिजनों को असहनीय पीड़ा को सहने कि शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना के साथ पतंजलि योग समिति जिला कबीरधाम द्वारा यज्ञ अनुष्ठान किया।

कवर्धा सहित अंचल में अचानक बदले मौसम के बीच झमाझम बारिश से मौसम खुशनुमा

# बदले मौसम में, सूरज की गर्मी से जलते हुए तन को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नवतपा प्रारंभ होने के पूर्व से अंचलवासियों को तपा और झुलसा रहे भगवान भास्कर की प्रचण्डता को देख लोग अब यही कामना कर रहे थे कि, गर्मी से जलते हुए तन को मिल जाए तरूवर की छाया......।

लोगों की इस कामना को स्वीकार करते हुए रविवार को मौसम ने जमकर मेहरबानी बरसाई। अभी रविवार की दोपहर तक भीषण गर्मी और आग उगलते सूरज की तपिश से लोग हलाकान थे। स्थिति ये थी कि सूरज चढ़ते ही लोग जहां घरों में दुबक जाया करते थे वहीं, शाम को चार बजे के पहले दिहाड़ी मजदूर भी काम पर नहीं निकलते थे। गर्मी और धूप से



बचने के तमाम उपायों के बावजूद न तो दिन को चैन था और न ही रात में आराम। ऐसी हालत में शीतल छाया और ठंडी हवाओं का बेसब्री से इंतजार कर रहे लोगों को रविवार के दूसरे पहर में मौसम ने बड़ी राहत दी है।

यहां बताना लाजिमी होगा कि भीषण गर्मी के बीच रविवार को दूसरे पहर में अंचल का मौसम अचानक बदल गया। हालांकि सुबह रोज की तरह भगवान भास्कर अपनी प्रचण्डता के साथ उदय हुए थे। लेकिन शाम ढलते-ढलते अचानक आसमान में बदली छा गई और झमाझम बारिश शुरू हो गई।

कवर्धा सहित आसपास के ईलाकों में करीब घंटे भर हुई मूसलाधार इस बारिश से मौसम खुशनुमा हो गया और लोगों को गर्मी से भारी राहत मिली है। माना जा रहा है कि यह प्री मानसून की दस्तख हो सकती है।

